उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-16)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 20 मई, 2024




अखिलेश यादव ने अपर्णा जैन बंसल को वैश्य, व्यापारी समाज की दी जिम्मेदारी 8

4 जून को बनने जा रही इंडिया गठबंधन की नई सरकार 5

## मुंगारी में अखिलेश और राहुल गांधी की संयुक्त रैली

# दोनों नेताओं ने सुर से मिलाए सुर, बीजेपी पर साधा निशाना

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर व्यवस्था हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। पहले नौजवान जैसे पक्की वर्दी पहनता था, वैसी पक्की नौकरी फौज में दिलाने का काम विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' करेगा।



इंडिया गठबंधन के नेताओं अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने प्रयागराज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में मुंगारी गांव में एक संयुक्त रैली को संबोधित किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने जनता से कहा, यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जिस तरह संविधान मंथन हुआ था, एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान खत्म करना चाहते हैं एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, अभी तक किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। दस साल की सरकार में एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। किसानों की आवाज दबाने के लिए क्या-क्या नहीं किया।

अखिलेश ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा, भाजपा वाले हमारी जान और संविधान के पीछे पड़े हैं। ये वैक्सीन लगाकर हमारी जान के पीछे पड़े हैं। यादव ने कहा, इन भाजपा वालों ने सभी प्रश्नपत्र लीक करा दिए और सभी प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द करा दीं। इन्होंने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया। हम आपको सम्मानजनक नौकरी का भरोसा दिलाते हैं। अखिलेश ने कहा, गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर व्यवस्था हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। पहले नौजवान जैसे पक्की वर्दी पहनता था, वैसी पक्की नौकरी फौज में दिलाने का काम विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' करेगा। जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, नरेन्द्र मोदी जी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है। हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं। सभी गरीबों की लिस्ट बनेगी। उन्होंने कहा, हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक-टकाटक साल के एक लाख रुपये, महीने के 8500 रुपये हम डालेंगे। हिंदुस्तान के किसानों को अनाज, आलू, गन्ना, कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएमसी) की कानूनी गारंटी हम देने जा रहे हैं। हम उनका कर्ज माफ करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, यह लड़ाई इस संविधान की है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस पर आक्रमण कर रहे हैं। आंबेडकर, महात्मा गांधी और नेहरू के संविधान को कोई भी शक्ति फाड़ कर फेंक नहीं सकती। यह जनता का संविधान है।% उन्होंने आगे कहा, हम बेरोजगार युवकों को साल में एक लाख रुपये देने जा रहे हैं। अग्निवीर योजना को हम कूड़ेदान में फेंकेंगे। मजदूरों को मनरेगा में 400 रुपये और आशा कार्यकर्ताओं को दोगुनी आमदनी देने जा रहे हैं।

# गरीबों का खून चूसने वाले माफियाओं को खत्म करके रहेंगे- जौनपुर में बोले सीएम योगी

जौनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों के खून को चूसने वाले माफियाओं को खत्म करके ही रहेगी। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के विधान सभा शाहगंज में स्थित नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टीनरेंद्रपुर के प्रांगण में योगी ने रविवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जौनपुर की इत्र की सुगंध, इमरती की मिठास और ईमानदारी के साथ जौनपुर के लोग जहां भी हैं वहां मिठास ही पैदा करते हैं इसलिए भाजपा लोकसभा चुनाव में कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी के रुप में



उतारा है। उन्होने कहा आपका जाना पहचान चेहरा है और इनकी पहुंच भी बहुत ऊपर तक है और जौनपुर को मुंबई जैसा चमका देने के लिए ही इन्हें जौनपुर से प्रत्याशी बनाया गया है, जैसे विधान सभा चुनाव में शाहगंज से ऐसा मोटा विधायक दिए हैं जो प्रदेश सरकार से विकास कार्य तो करवाता ही है और केंद्र सरकार से भी विकास की गाथा लिख रहा है आज शाहगंज में एनेथाल प्लांट लग रहा है, जिससे हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सपा बसपा की सरकारों में बेटी, व्यापारी, किसान सुरक्षित नहीं थे और सरकार माफिया आतंकवादियों के पास नतमस्तक थी और आज यूपी में अब दंगा कर्फ्यू नहीं होता है, दंगा कर्फ्यू करने वाले का राम नाम सत्य हो गया। विपक्ष पर कटाक्ष कहते हुए कहा कि जब सपा बसपा कांग्रेस इंडी गठबंधन के रूप में एक होते हैं तो देश के लिए ठीक नहीं होता है ।

## गोंडा और कैसरगंज में मतदान आज

गोंडा। जिले की गोंडा और कैसरगंज लोकसभा सीट पर सोमवार को वोट डाले जायेंगे। लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को शहर के टामसन इंटर कालेज से पोलिंग पार्टियों की रवानगी करायी गयी। शाम तक सभी पार्टियां अपने पोलिंग बूथों पर पहुंच गयीं। सोमवार को 37.47 लाख मतदाता इन दोनों सीटों पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को गोंडा व कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदान होना है ?।

## सड़क पर आप, भाजपा दफ्तर की ओर किया कूच

# केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाया ऑपरेशन झाड़ू चलाने का आरोप



दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ सड़क पर उतर गए हैं। आतिशी, संजय सिंह, राघव चड्ढा समेत आम आदमी पार्टी के अन्य नेता भी केजरीवाल के साथ भाजपा दफ्तर की ओर कूच कर रहे हैं। भाजपा दफ्तर की ओर बढ़ने से पहले केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर आप को खत्म करने के लिए ऑपरेशन झाड़ू चलाने का आरोप लगाया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए झाड़ू' शुरू किया है। प्रधानमंत्री का कहना है कि क्कबहुत तेजी से बढ़ रही है, यह प्रधानमंत्री के शब्द हैं जो मुझे उन लोगों ने बताया जो उनसे मिले हैं। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है किआप बहुत तेजी से बढ़ रही है और आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर और कई राज्यों में आप भाजपा को चुनौती दे सकती है इसलिए इसके पहले कि आप चुनौती बने AAP को पहले ही कुचल देना जरूरी है। केजरीवाल ने आगे कहा, ये लोग झाड़ू' के तहत हमारे बड़े नेताओं को गिरफ़्तार करेंगे। हमारे Bank Account सीज किए जाएंगे और हमारा दफ़्तर ख़ाली करके हमें सड़कों पर लायेंगे। उन्हें लगता है कि ऐसे ये आम आदमी पार्टी को ख़त्म कर देंगे। लेकिन ऐसा होगा नहीं, क्योंकि क्कदेश के 140 करोड़ लोगों के सपने की पार्टी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, जिस तरह के काम हमने दिल्ली और पंजाब में किए हैं, 75 सालों में इस देश के लोगों ने कभी नहीं देखे, दिल्ली और पंजाब में हमने सरकारी स्कूल ठीक करने शुरू कर दिए, गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी। ये पीएम मोदी नहीं कर पा रहे तो उन्होंने तय किया कि इन्हें रोको और गिरफ्तार कर लो, अब हम महिलाओं को हजार-हजार रुपये देने जा रहे हैं, आप एक विचार है। इसके नेताओं को तो गिरफ्तार कर लोगे, इसके विचार को कैसे गिरफ्तार करोगे ? अरविंद केजरीवाल ने कहा, पिछले 2 साल से इन्होंने (भाजपा) हमारे नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया।

## बीजेपी की महिला नेता ने पार्टी के पदाधिकारियों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नारायणी बरेठा ने अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर उनको प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बीजेपी की नेता ने जारी वीडियो में कहा कि प्रताड़ना के कारण उन्हें शारीरिक और मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उन्हें झूठे केस में फँसाने की धमकी भी दी है। वीडियो में उन्होंने पुलिस और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मदद की गुहार लगाई है। लाइव वीडियो में महिला नेता ने सल्फास खाकर आत्महत्या करने की भी धमकी दी है। वीडियो जारी होने के बाद कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता इस मामले को पारिवारिक मुद्दा बताते हुए झूठ बोल रहे हैं।


सभी देश वासियों से अपील है कि मतदान अवश्य करें



विज्ञापन कार्यालय-130/4-बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर



नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)

बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT

638y-1, Block Kidwai Nagar

Owner Management Suresh Sahu

Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur

M.-8303637506, 9792526852

Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com





सभी भारतवासियों से अपील है कि हो रहे लोकसभा 2024 के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान अवश्य करें।

पहले मतदान - फिर जलपान






बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)

मो.8423454502,9335908846



## संपादकीय

### तपती जिन्दगी

हर साल मई–जून आते ही पारा बढ़ने पर अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सुर्खियां डराने लगती हैं। इस डर को बढ़ाने में बाजार के उत्पादों का खेल भी शामिल होता है। निस्संदेह गुरुवार को हरियाणा में पारा 47 डिग्री और पंजाब में 44 पार रहा। आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने व ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी लू को लेकर मौसम विज्ञान ने दी है। हर रोज एक नई खबर होती है कि फलां दिन अब तक सबसे गर्म रहा। इतने सालों का रिकॉर्ड टूटा। निश्चित रूप से खेत में काम करते किसान, खुले में जीविका के लिए पसीना बहाते कामगार व आम नागरिकों के लिये यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों के लिये यह समय विकट जरूर होता है, जिसके चलते पंजाब व अन्य राज्यों में जून माह में बच्चों की छुट्टियां घोषित हुई हैं। यह समय खासकर बुजुर्गों व पहले ही कई रोगों से पीड़ित लोगों के लिये खास सावधानी की मांग करता है। ऐसे में यदि बिजली की कटौती सामने आए तो और कष्टदायक होता है। यह भी सत्य है कि इस मौसम में बिजली की खपत अचानक बढ़ने और जल प्रवाह में कमी से बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। जाहिर है बिजली की कटौती परिस्थितिजन्य भी होती है। इस बीच एक अच्छी खबर यह भी है कि मानसून देश में एक दिन पहले आ जाएगा और इस बार भरपूर मानसून बरसने की भविष्यवाणी भी की जा रही है। लेकिन हमें मानकर चलना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग से मौसम के मिजाज में तल्खी आ रही है। अफगानिस्तान, ब्राजील समेत कई देश अप्रत्याशित बाढ़ का सामना कर रहे हैं। हिमालय के आंगन उत्तराखंड में वन सुलग रहे हैं। जाहिर है पूरे देश को प्राणवायु देने वाले जंगलों के जलने का असर पूरे देश के तापमान पर पड़ेगा। ऐसे में हर नागरिक मान ले कि हमने प्राणवायु देने वाले जंगलों को जिस बेरहमी से काटकर कंक्रीट के जंगल उगाए हैं, उसका असर तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि के रूप में तो सामने आएगा ही। हमें और अधिक गर्मी के लिये तैयार रहना होगा।

सच कहें तो हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के अनुरूप जैसी जीवन शैली विकसित की थी, वह हमें कुदरत के चरम से बचाती थी। हम महसूस करें कि बढ़ती जनसंख्या का संसाधनों में बढ़ता दबाव भी तापमान की वृद्धि का कारण है। बड़ी विकास परियोजनाओं व खनन के लिये जिस तरह जंगलों को उजाड़ा गया, उसका खमियाजा हमें और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। विलासिता के साधनों, वातानुकूलन के मोह और कार्बन उगलते वाहनों की होड़ भी हमारे वातावरण में तापमान में वृद्धि कर रही है। एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि गर्मी के आने पर हम हाय–हाय तो करने लगते हैं, लेकिन कभी हमने विचार किया कि हम इस स्थिति को दूर करने के लिये क्या योगदान देते हैं? क्या हम पौधा–रोपण की ईमानदार कोशिश करते हैं? हम जल के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं? क्या वर्षा जल सहेजने का प्रयास करते हैं ताकि तापमान कम करने व भूगर्भीय जल के संरक्षण में मदद मिले? हमें बढ़ते तापमान के साथ जीना सीखना होगा। गर्मी को लेकर हायतौबा करने से गर्मी और अधिक लगती है।

# पौष्टिक खुराक की निर्देशावली का हो पालन

लेकिन इस चेतावनी का क्या फायदा जब खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय एक जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनियों (कोला या चिप्स निर्माता इत्यादि) को सब्सिडी मुहैया करके बढ़ावा दे और खाद्य नियंत्रण प्राधिकरण उनके साथ याराना निभाएं। एक अन्य उदाहरण है गेहूं–चावल जैसे आम प्रचलित अन्न की खपत घटाने की जरूरत में दालों, फल, मांस इत्यादि के सेवन को प्रोत्साहित करने की बजाय मोटा अनाज अपनाने का अतिशयी प्रचार करना। मोटे अनाज पर जोर देने का नुकसान भी है कि यह मिल्लेट कुकीज़ के नाम पर प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुएं बेचने का अन्य अवसर बन गया है। हमें अपनी सार्वजनिक नीतियों में आमूल–चूल परिवर्तन करने की जरूरत है ताकि खुराक संबंधी दिशा–निर्देश लोगों के लिए वास्तविक विकल्प बन सकें।



पिछले सप्ताह हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पौष्टिकता संस्थान –जो कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तत्वावधान तले देश में सबसे पुरानी अनुसंधान प्रयोगशालाओं में एक है, ने 'भारतीयों के लिए खान–पान दिशा निर्देश' जारी किये हैं। यह दस्तावेज़ हजारों स्वयंभू और तथाकथित विशेषज्ञों द्वारा सोशल मीडिया पर पौष्टिकता, भोजन एवं खुराक को लेकर मचाई जाने वाली चिल्ल–पों के बीच ताज़ी हवा का झोंका बनकर आया है क्योंकि उक्त लोगों की भोजन और पौष्टिकता पर कही अधिकांश बातें भ्रामक और झूठी होती हैं। आलम यह है कि एक ओर खाद्य पदार्थ उत्पादक कंपनियां और घर तक व्यंजन पहुंचाने वाले एप्प आधारित सेवा प्रदाता उपभोक्ता को यकीन दिलवा रहे हैं कि घर का खाना एक पाप है। वहीं फूड–ब्लॉगर हर ऐरे–गैरे रेहड़ी–ढाबे वाले के चीनी, नमक और वसा से भरे ऊलजलूल व्यंजनों को 'असली स्वाद' और 'स्वर्गिक' बताकर महिमामंडित कर रहे हैं। स्वयंभू पौष्टिकता विशेषज्ञ और मशहूर चेहरे अंजान उपभोक्ता को खान–पान का नया चलन बताकर उलझा रहे हैं। फैक्ट्री में बने खाद्य उत्पादों पर 'स्वास्थ्यकर' व 'ताजा' का ठप्पा लगाकर बेचा जा रहा है जबकि सेहत–ताजगी से दूर–दूर तक वास्ता नहीं है।निस्संदेह, एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा विभिन्न उम्र वर्ग और अंचल के लोगों के लिए प्रमाण–आधारित और तथ्यात्मक खुराक निर्देशावली जारी करना स्वागत योग्य है। लगभग एक सदी से एनआईएन (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन) भारत में पौष्टिकता और खाद्य संबंधी अनुसंधान कार्य में लगा है और इस विषय में ज्ञान का भंडार है। पौष्टिकता संबंधी लगभग सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे कि एकीकृत बाल विकास योजना, मिड–डे मील योजना और साल्ट आयोडाइज़ेशन के अलावा पौष्टिकता की कमी के उत्पन्न रोगों का निदान करने वाली योजनाएं एनआईएन द्वारा दिए वैज्ञानिक शोध आधारित परामर्श पर आधारित है। खुराक संबंधी नवीनतम निर्देशावली इस समृद्ध विरासत का एक हिस्सा है। सरसरी तौर पर देखने पर 17 निर्देशों वाला यह परामर्श पुरानी बातें और साधारण सा लगता है, मसलन, विभिन्न भोज्य पदार्थों से युक्त खुराक स्वास्थ्यकर होती है, फल और सब्जियों का सेवन अधिक मात्रा में करें और वसा का उपयोग न कम, न ज्यादा मात्रा में करें। लेकिन इस निर्देशावली की असली ताकत है प्रत्येक निर्देश भारत के संदर्भ में प्रमाण आधारित है। इस संहिता में प्रत्येक आयु–वर्ग के स्वास्थ्य को प्रोत्साहन और बीमारियों की पूर्व–रोकथाम पर जोर दिया गया है, इसमें जहां एक ओर विशेष ध्यान शिशुओं, स्तनपान करवाने वाली महिलाओं और बुजुर्गों पर है तो वहीं अन्य अवयवों की भूमिका जैसे कि शारीरिक गतिविधियां, सुरक्षित पेयजल, साफ–सफाई और पर्यावरणीय पहलुओं पर भी है।

इस खुराक परामर्श को भोजन वर्ग और आम भारतीय की खुराक एवं खाद्य अवयवों को आधार बनाकर तैयार किया गया है, जैसे कि, अनाज, दालें, दूध, सब्जियां और फलों का समुचित मात्रा में समावेश कर खुराक तय करना। इस दस्तावेज़ का एक अहम हिस्सा है खाद्य उत्पादों पर लगे लेबल को सही ढंग से पढ़ना और समझना सिखाना। इसमें प्रचलित भ्रामक दावों की असलियत समझाई गई है, जैसे कि पूर्ण प्राकृतिक, असली फल या रस युक्त, पूर्ण अनाज (मिल्लेट), चीनी–मुक्त, कॉलेस्ट्रॉल रहित, स्वास्थ्य–मित्र, जैविक, कम–वसा युक्त इत्यादि अर्धसत्य शब्दों का प्रयोग करना। अतएव लोगों के मन में बैठायी गई गलत धारणा के आलोक में एनआईएन जैसे प्रमाणिक संस्थान द्वारा लेबल को सही अर्थों में समझाना बहुत महत्वपूर्ण बन जाता है।


इन दिशा–निर्देशों का बृहद संदर्भ है भारत में इन दिनों बीमारियों द्वारा नया रूप धरने की प्रक्रिया। देश के समक्ष जहां कुपोषण और अल्पपोषण रूपी समस्या है तो दूसरी ओर मोटापा और अति–मोटापा। अनुमान है कि भारत में बीमारियों के कुल बोझ के पीछे 56.5 फीसदी कारक गलत खुराक है। व्याधियों में अधिकतर हिस्सा मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग का है। शारीरिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के साथ स्वास्थ्यकर भोजन लेने से हृदय संबंधी अवस्था, रक्तचाप और मधुमेह टाइप–2 जैसी बीमारी को काफी हद तक घटाया जा सकता है। एनआईएन का सर्वेक्षण बताता है कि 1–19 साल आयु–वर्ग में काफी संख्या अब उनकी है जिनमें उम्र से पहले गैर–संक्रमित रोग जैसे कि मधुमेह और उच्च–रक्तचाप देखने को मिल रहे हैं। कुपोषित एवं अल्प–पोषित और सामान्य वृद्धि वाले बच्चों की आधी संख्या में मैटाबॉलिक बायोमार्कर्स का मिलना चिंता का विषय है।हमारी रोजमर्रा की खुराक मूलतः नाकाफी है। मसलन, भारतीयों की रोजाना की खाद्य ऊर्जा जरूरत (2000 कैलोरी) में सामान्यतः ग्राह्य भोजन में अनाज (चावल, गेहूं, मोटा अन्न) की मात्रा कायदे से 45 फीसदी तक होनी चाहिए, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि इनका अंश 50–70 प्रतिशत तक है। एनआईएन का कहना है कि जनसंख्या के बड़े भाग में माइक्रोन्यूट्रेंट–सघन पदार्थ (अनाज, दालें, फलियां, मेवा, ताजा सब्जी, फल इत्यादि) का सेवन अनुशंसित स्तर से कम है। सीमित उपलब्धता और दालों एवं मांस की ऊंची कीमतें लोगों को गेहूं–चावल जैसे आम अनाज पर निर्भर रहने को मजबूर करती हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्यप्रद विकल्पों की अपेक्षा अति–प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, बहुत अधिक वसा, नमक और चीनी युक्त खाद्य वस्तुओं का मूल्य अधिक वहन योग्य और सुलभ हो गया है। ऐसे उत्पादों का ताबड़तोड़ विज्ञापन और प्रचार की तरकीबें बच्चों–बड़ों की भोजन संबंधी प्राथमिकताओं को प्रभावित कर रहे हैं।जो कुछ हम खाते हैं वह भोजन संबंधी उस माहौल पर निर्भर होता है जहां हम रहते हैं, आगे जिसका निर्धारण और स्वरूप सरकारी नीतियों पर निर्भर है। यदि अनाज, मांस और दालें गरीब की क्रय शक्ति से बाहर हो जाएं या परम–प्रसंस्कृत एवं अस्वास्थ्यकारी विकल्प अधिक सस्ते और आकर्षक बन जाएं तो ये स्थितियां गलत सरकारी नीतियों का परिणाम हैं। खुराक दिशानिर्देशों के अनुपालन को आसान बनाने वास्ते हमें अनेकानेक क्षेत्रों में सामंजस्य विकसित करने वाली नीतियां बनानी होंगी।जैसे कि कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सुरक्षा, विज्ञापन एवं विपणन, उपभोक्ता जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा, औद्योगिक प्रोत्साहन, पैकेजिंग इत्यादि। स्वास्थ्यकारी भोजन करना एक उपभोक्ता की जिम्मेवारी और चुनाव का विषय है लेकिन सरकारी उत्तरदायित्व है कि ऐसा खाद्य माहौल पैदा करें ताकि लोग जो भी चुनें वह सही हो।एनआईएन ने अस्वास्थ्यकारी और अति–प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को भ्रामक लेबल और आक्रामक विज्ञापन प्रचार के दम पर बेचने पर चिंता जताई है।

# रामचरित्रमानस, पंचतंत्र अब पूरी दुनिया की धरोहर बने

रामचरितमानस,पंचतंत्र अब पूरी दुनियां की धरोहर बनें!

संयुक्त राष्ट्र के यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में रामचरितमानस और पंचतंत्र शामिल हुए

गोंदिया। वैश्विक स्तरपर भारत की आध्यात्मिकता में महारात तो विश्व प्रसिद्ध है ही, परंतु महामानवों द्वारा रचित भारत के अनेक ग्रंथ व रचित पवन किताबें पुस्तक और अनमोल धरोहर जैसे रामायण,रामचरितमानस गीता इत्यादि ऐसे अनेक लिपिक ग्रंथ है जो पूरी दुनियां में पावन माने जाते हैं। हमें यह याद होगा कि हमने पिछले साल देखे थे कि किस तरह बिहार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री व यूपी के एक नेता ने रामचरितमानस पर दिए गए एक बयान से राजनीति गरमा कर सियासी तूफान उठ गया था और इस किताब ग्रंथ पर बैन लगाने तक की मांग की गई थी, जिसके कारण रामचरितमानस की बिक्री तेजी से बढ़ती हुई दर्ज की गई थी जो गीता प्रेस गोरखपुर की तरफ से खुद बयांन आया था। दिनांक 14 में 2024 को मीडिया में जानकारी आई कि संयुक्त राष्ट्र के यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) जिसके 195 से अधिक सदस्य 8 एसोसिएट सदस्य हैं, रामचरितमानस की सचित्र पांडुलिपियों व पंचतंत्र की कथाओं को एशिया व प्रशांत क्षेत्र के लिए विश्व की स्मृति समिति मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमिट फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (एमओडब्लूसीएपी) की दसवीं बैठक 7–8 मई 2024 को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित की गई थी जिसमें संयुक्त राष्ट्र के 38 प्रतिनिधि और 40 पर्यवेक्षक तथा नामांकित एकत्रित हुए थे, इसमें इस निर्णय को मंजूरी दी गई थी। बता दें कि इसके साथ ही भी 20 धरोहरो को 2024 के लिए रजिस्टर में दर्ज किया गया है, जो भारत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। इसकी जानकारी दिनांक 14 मई 2024 को मीडिया में आई तो, चहुंओर खुशी की लहर दौड़ गई अनेक धार्मिक आध्यात्मिक स्थलों पर खुशियां मनाते हुए दिखाई दिए, इसलिए इस महान उपलब्धि के लिए मैंने आज इस विषय को आर्टिकल लिखने के लिए चुना और मीडिया में रिसर्च कर बड़ी मेहनत से यह तैयार किया हूं। चूंकि रामचरितमानस पंचतंत्र अब पूरी दुनियां की धरोहर बन गया है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र यूनेस्को के मेमोरी आफ वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में रामचरितमानस और पंचतंत्र शामिल किए गए हैं, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रामचरितमानस की सचित्र पांडुलिपियों व पंचतंत्रों की कथाओं का यूनेस्को धरोहर बनने के से हर भारतवासी गौरववित हुआ है।



साथियों बात अगर हम प्राचीन रामचरितमानस व पंचतंत्र के यूनेस्को में शामिल होने की करें तो,प्राचीन रामचरितमानस की पांडुलिपियां, 15वीं सदी की पंचतंत्र दंतकथाओं समेत एशिया–प्रशांत की 20 धरोहरों को 2024 के लिए यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि यह निर्णय एशिया और प्रशांत के लिए विश्वस मिति की स्मृति (एमओडब्ल्यूसीएपी) की 10वीं आम बैठक में लिया गया। बैठक 7 व 8 मई के दौरान मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में बुलाई गई थी। बैठक की मेजबानी मंगोलिया के संस्कृति मंत्रालय, यूनेस्को के लिए मंगोलियाई राष्ट्रीय आयोग और बैंकॉक में यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय ने की थी।अधिकारियों ने कहा, इस वर्ष रिकॉर्ड में वंशावली रिकॉर्ड को विशेष रूप से शामिल किया गया है। इनमें मंगोलिया के खलखा मंगोलों का परिवार एवं उनकी वंशावली, चंगेज खान का घर शामिल है। इसके अलावा चीन में हुइझोउ और मलेशिया में केदाह राज्य के समुदाय, पारिवारिक इतिहास को भी शामिल किया गया है। इस वर्ष के अंकित रिकार्डों में विज्ञान और साहित्य को भी स्थान दिया गया है। इसमें बांग्लादेश की विज्ञान कथाओं की नारीवादी लेखिका रोकेया एस हुसैन को भी मान्यता दी गई। उन्होंने 1905 की अपनी कहानियों सुल्तनाज ड्रीम में आविष्कार किए जाने से पहले ही हेलिकॉप्टर और सौर पैनल दोनों की कल्पना कर ली थी। रामचरितमानस, पंचतंत्र, और सहृदयालोक–लोकन।रामचरितमानस को तुलसीदास ने 16वीं शताब्दी में अवधी बोली में लिखा था। यह रामायण से भिन्न है जिसे ऋषि वाल्मिकी ने संस्कृत भाषा में लिखा थारामचरितमानस चौपाई रूप में लिखा गया ग्रंथ है।पंचतंत्र दुनिया की दंतकथाओं के सबसे पुराने संग्रहों में से एक है जो संस्कृत में लिखा गया था। विष्णु शर्मा जो महिलारोप्य के राजा अमर शक्ति के दरबारी विद्वान थे, उन्हें पंचतंत्र का श्रेय दिया जाता है।इसकी रचना संभवतः 300 ईसा पूर्व के आसपास हुई थी। इसका अनुवाद 550 ईसा पूर्व में पहलवी (ईरानी भाषा) में किया गया था।

साथियों बात अगर हम एमओडब्लूसीएपी की दसवीं बैठक 7– 8 में 2024 की करें तो, एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए विश्व की स्मृति समिति (मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमिटि फॉर एशिया एंड द पैसिफिक–एमओडब्ल्यूसीएपी) की 10वीं बैठक हुई, जो एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर रही, क्योंकि भारत से तीन नामांकन सफलता पूर्वक यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय रजिस्टर' में शामिल हुए हैं। मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में ये बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें संयुक्त राष्ट्र से 38 प्रतिनिधि और 40 पर्यवेक्षक तथा नामांकित एकत्र हुए थे।इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के डीन (प्रशासन) एवं कला निधि प्रभाग के विभागाध्यक्ष ने भारत की इन तीन प्रविष्ठियों को प्रस्तुत किया (1) सहृदयलोक–लोचन की पांडुलिपि (भारतीय काव्यशास्त्र का महत्वपूर्ण पाठ) (2)पञ्चतन्त्र की पांडुलिपि (3) तुलसीदास के रामचरितमानस की चित्रित पांडुलिपिरजिस्टर उप–समिति (आरएससी) द्वारा विस्तृत चर्चा और सिफारिशों के बाद सदस्य देशों के प्रतिनिधियों द्वारा वोटिंग के बाद तीनों नामांकन सफलता पूर्वक शामिल हुए, जो 2008 में रजिस्टर की शुरुआत से पहले किए गए पहले भारतीय प्रवेशों को चिह्नितकरते हैं।रामचरितमानस पञ्चतन्त्र और सहृदयलोक लोचन ऐसी कालजयी कृतियां हैं, जिन्होंने भारतीय साहित्य और संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया है। राष्ट्र के नैतिक ताने–बाने और कलात्मक अभिव्यक्तियों को आकार दिया है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## बॉलीवुड में दस्तक देगी अभिनेत्री अदिति मुखर्जी!



पश्चिम बंगाल की धरती से जुड़ी अभिनेत्रियों में अपर्णा सेन, इंद्राणी मुखर्जी, सुमिता सन्याल, शर्मिला टैगोर, तनुजा, राखी, मौसमी चटर्जी, मुममुन सेन, राइमा सेन, सुष्मिता सेन,तनुश्री दत्ता और रिंकू घोष (दुर्गेशनंदिनी) जैसी अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड में अपने अभिनय प्रतिभा के बदौलत बंगाल का नाम रौशन किया और सिने दर्शकों के दिलोदिमाग़ में छाई रहीं। इन नामों के साथ अब एक नाम और जुड़ गया है नवोदित अभिनेत्री अदिति मुखर्जी का। अदिति मुखर्जी बतौर अभिनेत्री और मॉडल मायानगरी मुम्बई में अपनी नई पारी की शुरुआत कर बॉलीवुड में दस्तक देने वाली है। अदिति मुखर्जी मूल रूप से जमशेदपुर (झारखंड) की रहने वाली है और उनका परिवार कलकत्ता से संबंधित है।बचपन में अदिति ने क्लासिक म्यूजिक सीखा है।फिल्म जगत में संघर्षशील नवोदित अभिनेत्रियों की समस्यायों की विस्तृत चर्चा करते हुए अदिति मुखर्जी कहती हैं लड़कियों को वैसे तो हर क्षेत्र में किसी ना किसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता ही है इसलिए परिस्थितियों का सामना करने के लिए स्ट्रांग होना जरूरी है। किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। यदि हम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए तो हार नहीं माननी चाहिए। मंजिल तक पहुंचने के लिए हिम्मत, विश्वास व लगन के साथ कर्मपथ पर रहना चाहिए।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# आप का आपसी बवाल,केजरीवाल के सामने अब मालीवाल

## पंकज कुमार मिश्रा, व्यंग्यकार / पत्रकार जौनपुर, यूपी



दिल्ली के सीएम और गठबंधन में शराब घोटालों के आरोपी और सबसे विवादित व्यक्ति अरविन्द केजरीवाल एक बार फिर सुर्खियों में है। वैसे बवाल और केजरीवाल एक दूसरे के पूरक शब्द कहे जा सकते है। केजरीवाल के दिल्ली फतह के बाद से आम आदमी पार्टी सिर्फ आपसी खींचातानी के लिए सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर चुकी है। पहले खेमे से लालच किए बगैर डॉ कुमार विश्वास खिसक लिए फिर राघव चड्ढा भी विवाह करके लगभग फ्रंट राजनीति से बाहर है इन सबके बीच मनीष सिसौदिया और संजय सिंह को जेल हुई और अंत में अरविन्द केजरीवाल खुद तिहाड़ घूम आए और जब जज साहब को लगा कि बन्दे को बाहर लाना चाहिए तो बेल मिली और उसके दो दिन बाद अपने ही पार्टी के राज्यसभा सांसद को ऑफिस बुलाकर लतिया दिया गया। 13 मई को केजरीवाल के घर क्या हुआ ? स्वाति मालीवाल के आरोपों पर आतिशी मरलोनी ने पत्रकार सम्मेलन करके कहा कि वीडियो तो अब देश के सामने है, जिसमें साफ दिख रहा है कि आम आदमी पार्टी की जड़ो में खुद आपियों ने ही मट्ठा डाल दिया है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर कथित बदसलूकी और मारपीट के मामले में आम आदमी पार्टी की तरफ से सफाई दी गई जो नाकाफी दिख रहीं। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप प्रवक्ता आतिशी ने कहा कि जो वीडियो सामने आया है उसमें साफ दिख रहा है कि स्वाति मालीवाल ने अपने एफआईआर में जो भी आरोप लगाए हैं, वो बिल्कुल गलत है।आतिशी ने कहा कि वीडियो तो अब देश के सामने है, जिसमें साफ दिख रहा है कि स्वाति सीएम हाउस में आराम से ड्राईंग रूम में सोफे पर बैठी हैं और सुरक्षाकर्मियों से तथा बिभव कुमार से ऊंची आवाज में बात कर रही हैं।

आप प्रवक्ता के पास बचाव का और कोई उपाय नहीं था तो उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद हैं पर वह भाजपा के लिए काम कर रहीं थी। उन्हें ये पता है कि मुख्यमंत्री के रोजाना कई कार्यक्रम होते हैं, तो वो हर वक्त मौजूद नहीं रह सकते पर स्वाति के मुताबिक केजरीवाल ऑफिस में मौजूद थे। अतिशी ने कहा स्वाति मालीवाल बिना अनुमति के सीएम आवास पहुंच गई थीं और जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को धमकाया तो मोहतरमा अतिशी आप बताओ कि किस सांसद को अपने ही पार्टी सुप्रीमो से मिलने के लिए भारी अपॉइंटमेंट की जरुरत होती है! ऐसे दलील साफ बता रहें की कुछ तो गड़बड़ है। खैर बतौर मालीवाल गार्ड्स ने पहले जाने को कहा फिर अंदर से गाली आई और तब फोन पर बिभव कुमार को बुलाया, और उन्होंने जब जाने के लिए गाली दिया तो मैंने प्रतिरोध किया इसके बाद लात मुक्को से पिटाई किया गया ऐसा रिपोर्ट कॉपी में लिख कर दिया गया। आम आदमी पार्टी ने हास्यास्पद बयान देते हुए अपने गले की हड्डी भाजपा के गले में डालने की कोशिश करते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फंसाने की साजिश भाजपा की है अर्थात ऑफिस में जाने से पूर्व स्वाति भाजपा की सांसद थी! गजब चापलूसी करती है आतिशी मरलोनी जी आप भी! आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल बिना पूर्व सूचना के मुख्यमंत्री आवास पहुंचीं थी, उनकी मंशा अरविंद केजरीवाल के विरूद्ध आरोप लगाना था। स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया कि उन पर बेरहमी से हमला किया गया। आप ने कहा कि स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने पर जोर दिया था, उनके सहयोगी बिभव कुमार ने कहा था कि मुख्यमंत्री व्यस्त हैं। सांसद ने चीखना शुरू कर दिया और अंदर दाखिल होने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल से बदसलूकी का मामला भाजपा की साजिश है, मुख्यमंत्री केजरीवाल को फंसाने के लिए मालीवाल को चेहरा बनाया गया है। आप नेता स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार पर सिविल लाइन्स स्थित दिल्ली सीएम हाउस के घर के अंदर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।ये पूरा मामला 13 मई का है।

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस–पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन–प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.– 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सम्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक–युवतियों की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# होटल में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

## हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र के होटल नारायण रिजेंसी में हुई चोरी का किया खुलासा

बीपीएस न्यूज



कानपुर। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) जोन कानपुर नगर व पुलिस आयुक्त कलक्टरगंज के निर्देशन में थाना प्रभारी हरवंश मोहाल व टीम द्वारा अप्रैल माह में होटल श्री नारायण रिजेंसी के मैनेजर रोहित द्वारा की गई 2 लाख 15 हज़ार नगद, होटल के रिसेप्शन का मोबाइल व एक मोपेड की चोरी में आज दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर डीसीपी पूर्वी ने खुलासा किया

आपको बता दें कि अप्रैल माह में थाना हरबंश मोहाल में विवेक गुप्ता द्वारा होटल मैनेजर रोहित भारद्वाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी कि होटल मैनेजर रोहित होटल के 2 लाख 15 हज़ार रुपये के साथ होटल का मोबाइल फोन ले कर रफूचक्कर हो गया है,





जिस पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस फौरन हरकत में आई और ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से रोहित भारद्वाज और उसके साथी अमरीक सिंह को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्त रोहित भारद्वाज के पास से जामा तलाशी मे 10,000/- रुपये नगद व एक एन्ड्राइड मोबाइल फोन व अभियुक्त अमरीक सिंह के पास से 7000/- रुपये नगद बरामद हुये व उसके बैंक खाते मे जमा 30,000/- रुपये सीज कराए गए है।



# सीएसआर फंड से चिड़िया घर को मिली महिन्द्रा स्टीलर

## सीएसआर योजना से इण्डिया थर्मिट कारपोरेशन लिमिटेड ने भेंट की

कानपुर। प्राणि उद्यान, को इण्डिया थर्मिट कारपोरेशन लिमिटेड ने कानपुर प्राणि उद्यान, कानपुर प्रशासन को तीन 07 सीटर (महिन्द्रा स्टीलर) गोल्फ कार्ट को सीएसआर फण्ड योजना के तहत दान की गयी। इण्डिया थर्मिट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा पूर्व में कानपुर प्राणि उद्यान, कानपुर को सीएसआर फण्ड से सहयोग किया गया है जिसके फल स्वरूप कानपुर प्राणि उद्यान अन्तर्गत पशुचिकित्सालय में एक अदद सोलर प्लान्ट स्थापित किया गया है जिससे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग मिलेगा उनके द्वारा आगामी दिनों में भी प्राणि उद्यान का पूर्ण सहयोग देने में अपनी सहमति व्यक्त की है।आज उद्घाटन कार्यक्रम में प्रबन्धक, इण्डिया थर्मिट कारपोरेशन लिमिटेड फजलगंज, कानपुर आलोक नागोरी, मुख्य वन संरक्षक / निदेशक, कानपुर प्राणि उद्यान, कृष्ण कुमार सिंह, महेश कुमार तिवारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी, नवेद इकराम, क्षेत्रीय वन अधिकारी, विश्वजीत सिंहतोमर, पी0आर0ओ0, आकांक्षा अवस्थी, वन दरोगा, माला देवी, कनिष्ठ सहायक, जितेन्द्र कुमार, वन्य जीव रक्षक, इतू सचान, वन्य जीव रक्षक, नैना पाण्डेय, बायोलॉजिस्ट आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा निर्वाचन के पांचवे चरण के लिए तैयार रहें:डीएम





## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होगी: जिलाधिकारी

कानपुर देहात। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत लोकसभा 45- जालौन के विधानसभा भोगनीपुर में स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुरक्षित मतदान सम्पन्न कराने हेतु जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि चुनाव को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष/ पारदर्शितापूर्ण सम्पन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है, इसलिए प्रशिक्षण में जो जानकारियां दी जा रही है उसे गंभीरता से समझ लें, जहां शंका हो उसका समाधान यथासमय कर ले। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है। ईवीएम वीवीपैट के संबंध में जो भी जानकारी दी जा रही है उनको भली भांति समझ ले, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट आचार संहिता का पालन करेंगे तथा अपने-अपने क्षेत्र के बूथों का भ्रमण कर वहा पर संपूर्ण व्यवस्थाएं ससमय दुरस्त कराएंगे, मतदान बूथ पर शीतल पेयजल, साफ-सफाई, रैंप व्हीलचेयर, छाया आदि व्यवस्थाएं अवश्य रहे । इस मौके पर अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विद्यालय निरीक्षक अचल मिश्रा, डीआईओ एनआईसी विकास गुप्ता, सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत पाण्डेय सहित सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल टीम ने पाया काबू



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीसामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को अचानक एक गोदाम में आग लगनेहड़कंप मच गया, कुछ ही समय मे आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल टीम ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया।

सीसामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेनरी कंपाउंड स्थित नूर इंटरप्राइजेज की गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी फैल गई। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुँची दमकल टीम द्वारा मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का पता नही चल सका, वहीं आग से होने वाले नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है।

# पुलिस पीआरबी के सामने दबंगों ने युवक को पीटा





पुलिस से भिड़ते दबंग युवक

## पुलिस के समझाने पर भी नहीं माने,बवाल बढ़ा तो पीआरबी ने बुलाई फोर्स बिधनू थाना क्षेत्र के सीढी इटारा रोड का मामला

### मुकदमा लिखने में पुलिस की नहीं दिलचस्पी

मारपीट और बवाल के 16 घंटे बीतने के बाद भी विधनू पुलिस की ओर से एफआईआर नहीं की गई। पीडित पक्ष ने कहा कि पुलिस दबाव में हैं। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि बवाल करने वाले आरोपी मिटटी खनन सहित अन्य कार्यों में लिप्त हैं। इसमें पुलिस से अच्छी साठगांठ हैं। इसलिए मुकदमा लिखने से पुलिस बच रही है लेकिन पुलिस के सामने हुए बवाल के बाद अगर कार्रवाई नहीं होती है तो आरोपियों के हौंसले बढेंगे। वहीं, इस मामले में एसएचओ से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल नॉट रीचबल रहा। वहीं, डीसीपी साउथ रविंद्र सिंह के सीयूजी पर भी बात नहीं हो सकी। वह मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था।

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कमिश्नरेट में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। संचेडी थाने के बाद बिधनू थाना क्षेत्र में भी शुक्रवार शाम जमकर हंगामा हुआ।

दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस पीआरवी के सामने युवक की पिटाई की और पुलिस वालों को भी धमकाते रहे। बाद में स्थानीय पुलिस पहुंची तो मामला शांत हुआ।पूरा घटनाक्रम विधनू थाना क्षेत्र के सीढी इटारा रोड का बताया जा रहा है। ग्राम ढरहरा निवासी श्याम सिंह चंदेल पुत्र सुल्तान सिंह ने विधनू पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शाम करीब 6.30 बजे मोटरसाईकिल से गांव जा रहे थे। बांबीपुरवा मोड पर 5-6 लोगों ने रोक लिया और नाम पूछा। इसके बाद वह पीटने लगे। इसके बाद पीटते हुए अगवा करके ले गए। 2 घंटे तक पीटते रहे। किसी गांव वाले ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचित किया तो पीआरवी की गाडी की पहुंची। युवक को दबंगों के चंगुल से छुडाया। इस दौरान दबंगों ने पीआरवी पुलिस कर्मियों से भी अभद्रता की और धमकी देते दिखे। हंगामा बढता देखकर पीआरवी ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। इसके बाद मामला शांत हुआ। इस पूरे घटना क्रम का वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी पुलिस के सामने बवाल करते दिख रहे हैं।

# फल बेच रहे युवक को महानगर बस के ड्राइवर ने बेरहमी से पीटा, हुआ फरार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। रामादेवी थाना चकेरी अंतर्गत फल बेच रहे गरीब युवक को महानगर बस के ड्राइवर ने बेरहमी से पीटा आसपास पड़ोसियों ने बचाई जान बस ड्राइवर हुआ फरार। आपको बता दें बस खड़ा रखने को लेकर बस और फल वाले से हुई थी गाली गलौज उसी वाद विवाद को लेकर बस ड्राइवर ने फल बेच रहे युवक रिशु गौतम को बेरहमी से पीटा और फरार हो गया मौके पर रेडी पटरी सब्जी मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम तिवारी अपनी व्यापारियों के साथ जाकर के मामले का संज्ञान लिए और प्रशासन के साथ मिलकर के चकेरी थाना के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दिया संभव मदद दिलाने अशवासन दिये! 24 घंटे के अंदर फरार बस ड्राइवर की होगी गिरफ्तारी रेडी पटरी सब्जी मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम तिवारी को पुलिस ने अस्वस्थ किया घनश्याम तिवारी ने कहा कि रेडी पटरी लगाने वाले छोटे-छोटे व्यापारी अपनी रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने के लिए व्यापार करते हैं लेकिन इनका कोई सम्मान नहीं है मेहनत करके दो वक्त की रोटी कमा कर अपने-अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं अगर ऐसे ही चला रहा तो गरीब अपने परिवार को कैसे चलाएगा!



# पत्नी से विवाद में आबकारी सिपाही ने खाया जहर, मौत



उन्नाव। पति-पत्नी के बीच विवाद में सिपाही ने खाया जहर। मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। उन्नाव आबकारी सिपाही अशोक कुमार 2019 बैच का सिपाही था। जिसकी तैनाती पुरवा क्षेत्र में हुई थी। अशोक कुमार मूलतः देवपुर सरेनी रायबरेली का रहने वाला था। ? जो छुट्टी पर अपने गांव गया था। वहीं पर पत्नी के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अशोक कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। आबकारी के सिपाही की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। जिसे उपचार के लिए लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक परिजनों ने बताया कि पति पत्नी के बीच विवाद होने के बाद सिपाही ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कानपुर के मतदाताओं में दिखा उत्साह पर सामान्य रहा मतदान














**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मतदान प्रतिशत बढाने की जिला प्रशासन से लेकर राजनैतिक दलों की तमाम कोशिशें व तरकीबें भी वोटरों की सुस्ती तोड़ नही सकी।सोमवार को शहर मे कानपुर एवं अकबरपुर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ।यूपी में वोटरों की चली आ रही सुस्त चाल शहर मे भी बदस्तूर जारी रही।यंहा मतदान प्रतिशत औसत रहा।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की कानपुर सहित यूपी की 13 सीटों पर सोमवार को मतदान सपंन्न हुआ। शहर मे इस बार 16,52334 मतदाता थे।भीषण गर्मी की वजह से अबकी सुबह 7 बजे से ही मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुचने लगे। इस वजह से मतदान केंद्रों पर सुबह के समय भीड -भाड़ देखने को मिली।अबकी कई समाजसेवी संगठनों की तरफ से भी, पहले मतदान करने वालो का स्वागत सत्कार एवं जलपान की भी व्यवस्था करने के कारण मतदाता भी सुबह सबेरे मतदान केन्द्रों की और खीचे चले आए। सबसे पहले मतदान करने वालो का कई मतदान केंद्रों पर पुष्प वर्षा कर एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस चुनाव में जिस प्रकार मतदान केंद्रों पर चुनाव वाले दिन व्यवस्थाएं की गई उसे देखकर वाकई महसूस हो रहा था कि हम लोकतंत्र का उत्सव मना रहे है। हर विधानसभा में कई मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया। जँहा मतदान केंद्रों को रंग बिरेंगे गुब्बारों व भव्य द्वार से सजाया गया था। लगभग सभी मतदान केंद्रों पर पीने के पानी के साथ प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा के साथ फार्मासिस्ट की भी व्यवस्था की गई।ओआरएस घोल के पैकेटों की भी व्यवस्था की गई।मतदाता भी ऐसा खुशनुमा माहौल पाकर इस लोकतंत्र रूपी उत्सव मे झूमकर नाचे।अमूमन मतदान केंद्रों पर राजनैतिक दलों मे होने वाले हो हल्ला एवं हुटिंग बाजी भी कम देखने को मिली।

सुबह मतदान केंद्रों पर हर बार कि तरह इस बार भी वोटिंग मशीनों मे गडबडी के कारण कई जगह देर से मतदान शुरू हो सका। सुबह के बाद दोपहर के करीब 12 बजे से मतदान केंद्रों पर तेज धूप व गर्मी के कारण मतदाताओं के कदम भी मतदान केंद्रों की तरफ ठिठकने लगे। इसका असर मतदान केन्द्रों पर साफ तौर पर देखने को मिला।दोपहर दो बजे के करीब जब सूरज अपने शबाब पर था।राजनैतिक पार्टियों के बस्तो पर भी सन्नाटा पसर गया। इससे पार्टी के कार्यकर्ता भी बैचेन हो गए।जब सूचना पार्टी के बडे नेताओं तक पहुची उन्होंने घरो से मतदाताओं को निकालने के लिए जोर अजमाइश शुरू कर दी।

इसका असर भी जल्द देखने को मिला।मतदान केंद्रों पर इक्का दुक्का मतदाता पहुचने लगे।शाम के 4 बजे से मतदान केंद्रों पर फिर से दोपहर के सन्नाटे को तोडते हुए मतदाता मतदेय स्थलों पर पहुचने लगे।सुबह के समय मतदान केंद्रों पर पुरुषों की तो सांय महिलाओं की ज्यादा लाईनें लगी।दोपहर 1 बजे तक कानपुर लोकसभा क्षेत्र मे 33.79त्न एवं 3 बजे तक 41.42त्न ,शाम 5 बजे तक 50.81त्न तक मतदान हुआ।मतदान केंद्रों पर पहली बार प्रशासन द्वारा की गई शानदार व्यवस्थाओं से भी युवा वर्ग गदगद दिखा।सेल्फी प्वाइंट मे युवाओं ने खूब सैल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया में शेयर किया। मतदान केंद्रों मे किसी प्रकार की धूप गर्मी न लगे इसकी भी प्रशासन ने चिंता की।जिस मतदान केंद्र पर धूप पडती है वंहा टेंट की व्वस्था के साथ नीचे दरी भी बिछाई गई।आमतौर पर मतदान केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के कारण मतदान से दूर रहने वाला युवा वर्ग मे भी इस बार अलग उत्साह देखने को मिला।मतदाता सूची इस बार भी खामियों से अछूती नही रही।एक ही परिवार के नाम अलग अलग पन्नों में होने के कारण बस्तो पर बैठे राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं व मतदाताओ को काफी परेशानियों का सामना करना पडा।पति, पत्नी को तो पत्नी ,पति को वोटर लिस्ट में ढूढते रहे।स्टेपिंग स्टोन मे जब एक व्यक्ति ने पत्नी का नाम वोटर लिस्ट में बमुश्किल ढूंढ निकाला तो खुशी से चिल्ला उठा पत्नी मिल गई।इस पर बूथ पर मौजूद लोग अपनी हंसी नही रोक सके और उस व्यक्ति को बधाई देने लगे।लोकतंत्र के इस पर्व के महायज्ञ मे मतदाताओं ने वोट रूपी अपनी आंहुती डालकर अपने लोकतंत्र के प्रहरी होने का संदेश दिया।इस तरह शनिवार को मतदान के बाद प्रत्याशियों का भाग्य वोटिंग मशीन में बंद हो गया।अब चार जून को ही इसका फैसला होगा कि जनता ने किसे अपना व शहर का रहनुमा चुना है। बस्तो पर विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक अजय कपूर, विकास दुबे, रामदेव शुक्ला, प्रकाश वीर आर्य, भूपेश अवस्थी, हरि शंकर सिंह, रविशंकर सिंह, सुशील विश्नोई, संजय दुबे, गौरव तिवारी, अखिलेश अवस्थी आदि रहे।

## लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स एसोसिएशन बैठक संपन्न



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स एसोसिएशन सीएबी 1 की द्विवार्षिक चुनावी प्रक्रिया के लिए बीते दिन शाखा कार्यालय में चुनाव संपन्न हुआ। आपको बता दें कि अध्यक्ष पद पर निर्विरोध तेजभान सिंह चुने गए तत्पश्चात चुनाव आयुक्त आर.के.चतुर्वेदी, अनिल कुमार वर्मा,जय आनंद सिंह के नेतृत्व में अन्य पदों पर मतदान प्रक्रिया संपूर्ण कराई गई।सौहार्दपूर्ण वातावरण में शाखा से संबंधित सभी सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को चुना। नव निर्वाचित पदाधिकारी गणों में अध्यक्ष तेजभान सिंह, उपाध्यक्ष रजोल सिंह,महामंत्री उपेंद्र कुमार त्रिवेदी,संयुक्त महामंत्री जय अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार,वैश्य संगठन मंत्री विकास कुमार चुने गए।

## विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी:पंडित रवीन्द्र शर्मा

### शत प्रतिशत मतदान कराने को अधिवक्ताओं का संकल्प



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।अधिवक्ता एकता संगठन की अधिकाधिक मतदान को लेकर गूबा गार्डन कल्याणपुर की बैठक में पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने कानपुर के मतदान प्रतिशत पर बोलते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रहरी है और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी। समाज के अग्रिम पंक्ति में रहने वाले अधिवक्ता समाज को शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए अपनी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके लिए कानपुर का प्रत्येक अधिवक्ता अपने मोहल्ले में कम से कम 21 परिवारों को मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान करवाने का कार्य करेगा। हम मतदान में कानपुर को नंबर एक बनाएंगे बढ़चढ़ कर अधिवक्ता मतदान कराएंगे के साथ उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपने अपने मुहल्ले में अधिकाधिक मतदान कराने का संकल्प लिया।संचालन जगत सिंह ने किया।प्रमुख रूप से आशीष गुप्ता अतुल सिंह प्रशांत शुक्ला राजीव यादव नीरज निषाद विकास गुप्ता हिमाचल निषाद मोहनीश गौतम सुरेंद्र सिंह रुखसार अहमद अनिल बाबू चौधरी शम्भू नाथ मिश्रा शिव प्रताप सिंह राकेश शाह प्रियम जोशी आदि रहे।

## सचेंडी पुलिस के उत्पीड़न एवं मानवाधिकारों हनन पर निंदा

### युवक के आत्महत्या के मामले में कई सामाजिक संगठन सक्रिय,कड़ी निन्दा कर हुई कांफ्रेंस आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नेशनल ह्यूमन राइट एक्शन कमेटी के तत्वाधान में कोपरगंज चौराहे चाचा नेहरू अस्पताल के पास पर एक प्रेस कांफ्रेंस कर कड़ा विरोध किया गया। इस मौके पर प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुये संगठन के चेयरमैन मो0 उस्मान अली शाह ने कहा,वर्तमान में कुछ तथा कथित थाना स्तर के पुलिस अधिकारी पूर्ण एवं मदान व नशे में चूर होकर पद की गरिमा को धूमिल करते हुये भारी उत्पीडनकारी काम करते हुये जनसमुदाय के मानव अधिकारों की धज्जियां उड़ाते हुये लोगों को जीने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। भावनाओं से खेल रहे है। शासन एवं जिला कमिश्नर की मंशा के विपरीत कार्य करके निजी स्वार्थ पूर्ति में कानून व्यवस्था एवं पुलिस की वर्तमान छवि धूमिल कर रहे है। जिन्हें कुछ सफेद पोस व निचले स्तर के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। जिस कारण वे आला अधिकारियों के आदेशों की अवेहलना पर आतुर है। इसी का प्रभाव है। सचेंडी थाना क्षेत्र की वर्तमान घटना सुनील राजपूत उत्पीड़नकारी हत्या काण्ड, जिसकी संगठन कड़ी निन्दा व विरोध करता है।

मांग करता है कि दोषियों के विरुद्ध सीधे धारा 302, 323, 504, 506 का मामला पंजीकृत किया जाये और %जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये तथा पीड़ित परिवार को 20 लाख का मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी भरण पोषण हेतु दिया जाये। वर्तमान थाना प्रभारी को तत्काल पद मुक्त किया और न्यायपालिका एवं जनप्रतिनिधि कानून के तहत मामला विधान सभा में दर्ज कर मुकदमा चलाया जाये। अन्य गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर निगरानी रखी जाये ताकि अन्य किसी का उत्पीड़ न हो सके साथ ही जो भी अधिकारी आम जनभावना को चोंट कर रहे है या शिष्टाचार से अनभिग है उन्हें जांच कर शीघ्र महात्वपूर्ण स्थानों से हटाया जाये। यदि जल्द ही इस पर कड़े कदम नहीं उठाये गये तो मामला राष्टीय मानवाधिकार आयोग में पंजीकृत कराया जायेगा एवं संरक्षणदाताओं को भी प्रतिवादी बनाया जायेगा।

## यूपी में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ सुरक्षित नही:इंडियन जर्नालिस्ट एसोसिएशन

### अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। पत्रकारों के साथ आए दिन घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है जौनपुर में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या, प्रतापगढ़ में बसंत सिंह को सरेराह गोली मार दी गयी और रायबरेली में राघव त्रिवेदी की पीटे जानें की घटना अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन इसकी कड़ी भर्त्सना करता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आज अखबार के पत्रकार बसंत सिंह को गोली मार दी गई। हालांकि, बाद में उनके घायल होने की जानकारी सामने आई। उनके पैर में गोली लगने का मामला आया है।हाफिज अहमद खान इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन जिला महामंत्री ने कहा कि इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले अपराधियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए। जब लोकतंत्र का चौथा स्तंभ ही खौफज़दा होगा तो देश की, गरीब-मजलूमों की आवाज कैसे उठाएगा।

## शीघ्र विवेचना निस्तारण की दी गई हिदायत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा थाना रेल बाजार,थाना कैंट,थाना मूलगंज फीलखाना व थाना कोतवाली का अर्दली रूम किया गया।सभी विवेचको को शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। थाना कैंट, थाना मूलगंज व थाना फीलखाना का विवेचना निस्तारण बेस्ट रहा।इन तीनो थानों ने 2024 से पहले सभी मुकदमों का निस्तारण कर दिया है।थाना कोतवाली व थाना रेलबाजार को शीघ्र विवेचना निस्तारण की हिदायत दी गई।



## पति नहीं लाया 5 रुपये वाला कुरकुरे, अब पत्नी ले रही तलाक

उत्तर प्रदेश के आगरा में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। आगरा में एक पांच रुपये वाले कुरकुरे कारण एक कपल का तलाक हो रहा है। एक महिला ने सिर्फ इसलिए अपने पति से तलाक मांगा है क्योंकि उसके पति ने उसे पांच रुपये वाला कुरकुरे का पैकेट लाकर नहीं दिया था।

माना जा रहा है कि महिला को रोजाना पांच रुपये वाला कुरकुरे का पैकेट खाने की आदत हो गई थी। पत्नी रोजाना पति से कुरकुरे मांगा करती थी। रोज कुरकुरे खाने के कारण पति काफी परेशान था। ऐसे में पति ने कुरकुरे लाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पत्नी ने पति की शिकायत पुलिस से की है। कुरकुरे खाने की आदत के कारण पति पत्नी में रोजाना झगड़े होते थे। एक दिन पति कुरकुरे लाने भूल गया, जिसके बाद महिला नाराज होकर मायके चली गई।

पुलिस ने मामला सामने आने के बाद पति-पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र भेजा है। केंद्र में पति पत्नी की काउंसलिंग की जा रही है। दोनों को सुलह करने की नसीहत दी गई है। दोनों को अगली तारीख पर आने के लिए कहा गया है। पति का कहना है कि वो पत्नी के कुरकुरे खाने की आदत से काफी परेशान है। पत्नी का कुरकुरे खाना दोनों के बीच झगड़ों का भी कारण बन गया था। वहीं पत्नी का आरोप है कि पति उसके साथ मारपीट करता था, जिस कारण उसने घर छोड़ दिया है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और दोनों के बीच लड़ाई के असल कारण को जानने की कोशिश कर रही है।

बता दें कि थाना शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती का विवाह थाना सदर क्षेत्र के रहने वाले युवक से हुआ था। वर्ष 2023 में दोनों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के बाद दोनों खुशी खुशी साथ रहे। पत्नी को कुरकुरे खाने की काफी अधिक आदत थी, जिस कारण दोनों के बीच काफी विवाद हुआ था।

# मेरे साथ बहुत बुरा हुआ: स्वाति मालीवाल ने तोड़ी चुप्पी, बीजेपी से क्या की गुजारिश



दिल्ली पुलिस ने कथित हमले पर आप सांसद स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज किया। उन्होंने केजरीवाल के स्टाफ सदस्य द्वारा मारपीट की लिखित शिकायत दर्ज कराई। दिल्ली पुलिस की एक टीम गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के आवास पर गई और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी द्वारा उन पर किए गए कथित हमले के संबंध में उनका बयान दर्ज किया। आप सांसद ने बिभव कुमार द्वारा किए गए हमले पर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

तीन दिन बाद अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा कि मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्यवाही होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूँ। जिन लोगों ने करेक्टर असैनिनेशन करने की कोशिश की, ये बोला की दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे। देश में अहम चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल ज़रूरी नहीं है, देश के मुद्दे ज़रूरी हैं। बीजेपी वालों से ख़ास गुज़ारिश है इस घटना पे राजनीति न करें।

# मुंबई में होर्डिंग गिरने से घाटकोपर में 14 लोगों की मौत, 74 घायल, एफआईआर दर्ज

मुंबई में एक विशाल होर्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या मंगलवार तड़के बढ़कर 14 हो गई, जिसमें फंसे लोगों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) रात भर बचाव अभियान चला रहा है। इस घटना में कम से कम 74 लोग घायल हो गए हैं।

एनडीआरएफ इंस्पेक्टर गौरव चौहान ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि ढहे हुए बिलबोर्ड के नीचे फंसे लोगों को बचाने के लिए खुदाई करने वालों ने मलबे को खोदा, जिसके बाद आठ शव पहले ही बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि चार और शव अभी भी मलबे के अंदर दबे हुए हैं। उन्होंने कहा, 卐हमने उनका पता लगा लिया है लेकिन इस पेट्रोल पंप के कारण हम उन्हें हटा नहीं सकते और स्थिति खतरनाक हो सकती है। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मुंबई के घाटकोपर में हुई घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और होर्डिंग गिरने से घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुंबई के घाटकोपर में सोमवार को भारी बारिश और तूफान के कारण 70 मीटर लंबा बिलबोर्ड गिर गया। घाटकोपर के चेड्डानगर जंक्शन में एक पेट्रोल पंप पर अवैध होर्डिंग गिर गई।

सोमवार शाम को बचाव अभियान शुरू हुआ, जिसमें 64 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनडीआरएफ ने मलबे में



फंसे शवों को निकालने के लिए उत्खननकर्ताओं के साथ रात भर बचाव अभियान चलाया।

बीएमसी ने सोमवार शाम को एक बयान में कहा कि होर्डिंग गिरने से 20 से 30 लोग अभी भी मलबे के अंदर फंसे हुए हैं। हालांकि, पेट्रोल पंप पर हुए हादसे के कारण मलबा हटाने में एनडीआरएफ को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिससे खतरनाक स्थिति पैदा हो सकती थी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को घटना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए 5 लाख की अनुग्रह राशि और घायलों के इलाज की भी घोषणा की।

बीएमसी ने कहा कि बिलबोर्ड अवैध रूप से लगाया गया था, इसके लिए निगम से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी। मुंबई पुलिस ने पंतनगर पुलिस स्टेशन में मालिक भावेश भिड़े और अन्य के खिलाफ आईपीसी 304, 338, 337 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करते हुए, राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट किया, 卐मुंबई के घाटकोपर इलाके में एक होर्डिंग गिरने से कई लोगों के हताहत होने की खबर बेहद दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। घायलों की कामना करता हूं और राहत एवं बचाव कार्यों की सफलता की कामना करता हूं।

# अरविंद केजरीवाल के लिए बुरी खबर 2029 के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ही करेंगे नेतृत्व, अमित शाह ने किया साफ



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 'अमित शाह प्रधानमंत्री बनेंगे' वाले बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वे केवल 22 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी 2029 तक बने रहेंगे और अरविंद केजरीवाल मेरे पास आपके लिए बुरी खबर है। 2029 के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ही हमारा नेतृत्व करेंगे।

केजरीवाल ने जेल से बाहर आते हुए ही कहा था कि ये लोग 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) गठबंधन से उनके चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र वालों को 'रिटायर' कर दिया जाएगा। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को रिटायर (सेवानिवृत्त) कर दिया। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) अगले साल रिटायर हो जाएंगे। वह अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। क्या शाह मोदी जी की गारंटी पूरी करेंगे? केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो पार्टी दो महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देगी। भाजपा नेता अमित शाह ने कहा कि हमारे 400 पार के नारे को विपक्ष ने कम दूर की दृष्टि से देखकर इसका राजनीतिकरण करने की कोशिश की है। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि स्थिर सरकारें देश को ताकत देती हैं, स्थिर सरकारें निर्णायक कदम उठाने में सहायक होती हैं, स्थिर सरकारें गरीबों का कल्याण करने में सहायक होती हैं, स्थिर सरकारें आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे खतरों को कुचल देने में सहायक होती हैं और स्थिर सरकारें देश के एजेंडे और स्थिति को दुनिया में बदलने में भी सहायक होती हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल को अंतरिम ज़मानत दिए जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मेरा मानना है कि यह कोई नियमित निर्णय नहीं है। इस देश में बहुत से लोग मानते हैं कि स्पेशल ट्रीटमेंट दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह से जब अरविंद केजरीवाल की रिहाई और इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा कि अभी वे (अरविंद केजरीवाल) दूसरे मामले (स्वाति मालीवाल पर हमला) में फंसे हैं, उन्हें इससे मुक्त होने दीजिए फिर देखते हैं क्या होता है।

# राहुल गाधी के खटाखट वाले बयान पर पीएम मोदी का पलटवार, 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन बिखरेगा खटाखट-खटाखट



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शब्दों का स्पष्ट मजाक उड़ाते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इंडिया ब्लॉक पर हमला करते हुए कहा कि विपक्षी मोर्चा 4 जून के बाद खटाखट खटाखट बिखर जाएगा, जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए, उन्होंने राहुल गांधी के राजस्थान में दिए गए भाषण से शब्द उधार लिए, जहां सांसद ने कहा था कांग्रेस सरकार देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में 1 लाख रुपये (एक साल में) ट्रांसफर करेगीज अगर आप गरीबी रेखा से नीचे हैं तो हर साल 1 लाख रुपये (8,500 रुपये प्रति माह) खटाखट खटाखट आता रहेगा और एक झटका से हम हिंदुस्तान से गरीबी को मिटा देंगे।

नाम लिए बिना, प्रधान मंत्री ने कहा कि राहुल और कांग्रेस रायबरेली से हार जाएंगे, जो प्रमुख रूप से भगवाकृत यूपी में पार्टी के आखिरी कुछ गढ़ों में से एक है। गांधी को उनकी मां की जगह लेने और उनके निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए चुना गया है। राहुल पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि अमेठी से गए हैं, रायबरेली से भी जाएंगे। 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन बिखर जाएगा खटाखट खटाखट; ये शहजादे गरमी की छुट्टियाँ में विदेश की यात्रा पर निकल जायेंगे। मुझे सूचना मिली है कि टिकट भी बुक कर लिया गया है।

मोदी ने कहा कि इन शहजादों को ना मेहनत की आदत है और ना ही नतीजे लाने कीज्इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगाज् देश का विकास खटाखट होगा। ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखटज्खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे- खटाखटज्खटाखट। लेकिन अब इनको मालूम होना चाहिए कि रायबरेली की जनता भी खटाखटज् खटाखट भेजेगी घर। अमेठी से गए और अब ये रायबरेली से भी जाएंगे। देश चलाना, सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं है।

प्रधान मंत्री ने कहा कि शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वालेज् गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे- खटाखटज् खटाखट।

और मैं गारंटी देता हूं कि आपकी सेवा के लिए दिन-रात एक करके काम करूंगा। मेरा पल-पल आपके नाम, मेरे शरीर का कण-कण आपके नाम। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस के शहजादों के लिए देश का विकास, गिल्ली-डंडे के खेल की तरह है। महलों में पैदा होने वाले इन शहजादों को न मेहनत की आदत है और ना ही नतीजे लाने की। इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा ङ्क खटाखट-खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे- खटाखटज्खटाखट। लेकिन अब इनको मालूम होना चाहिए कि रायबरेली की जनता भी इनको खटाखटज् खटाखट भेजेगी घर।

# अरुणाचल प्रदेश में अंतरराज्यीय वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडाफोड़, सरकारी अधिकारियों समेत 21 लोग गिरफ्तार

अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने अंतरराज्यीय वेश्यावृत्ति गिरोह में शामिल सरकारी अधिकारियों समेत 21 लोगों को पिछले कुछ दिन में गिरफ्तार किया है और 10 से 15 साल उम्र की पांच नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सरकारी अधिकारियों में एक पुलिस उपाधीक्षक और स्वास्थ्य सेवाओं का उप निदेशक शामिल है।ईटानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने कहा कि राजधानी में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली दो बहनें पड़ोसी राज्य असम के धेमाजी से नाबालिग लड़कियों को तस्करी कर राज्य में ला रही थीं।

यहां पास में चिंपू में नाबालिग लड़कियों से जुड़ा एक वेश्यावृत्ति गिरोह सक्रिय होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने चार मई को दो बहनों के घर पर छापा मारा और दो नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया।एसपी ने कहा कि नाबालिग लड़कियों ने खुलासा किया कि उन्हें दो बहनें धेमाजी से ईटानगर लेकर आई थीं। इसके बाद धेमाजी से तस्करी करके लाई गई दो और नाबालिग लड़कियों के बारे में पता चला जो एक महिला के चंगुल में थीं और बाद में उन्हें मुक्त करा लिया गया। पुलिस टीम को यह भी पता चला कि आरोपी एक और नाबालिग लड़की को तस्करी कर लाएं है जिसके बाद एक होटल में छापेमारी की गई और लड़की को मुक्त करा लिया गया।

# 4 जून को बनने जा रही इंडिया गठबंधन की नई सरकार', खड़गे बोले- सभी गारंटी पूरी करेंगे, देंगे 10 किलो राशन

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने आज उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ड्ढ.ह्न.ष्ठ.ड्ढ. ब्लॉक की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। खड़गे ने आश्वासन दिया कि 4 जून को ड्ढ.ह्न.ष्ठ.ड्ढ. ब्लॉक भारत में सरकार बनाएगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चुनाव के चार चरण पूरे हो चुके हैं, ड्ढ.ह्न.ष्ठ.ड्ढ. ब्लॉक मजबूत स्थिति में है और लोगों ने पीएम मोदी को जाने देने का फैसला किया है। 4 जून को इंडिया गठबंधन सरकार बनाएगा। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण है।

खड़गे ने लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 卐चार चरणों के मतदान के बाद इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है, 4 जून को नई सरकार बनेगी।卐 खड़गे ने कहा कि हम सभी को देश के भविष्य, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए मिलकर काम करना चाहिए अन्यथा हम फिर से गुलाम



बन जायेंगे। अगर वहां लोकतंत्र नहीं बल्कि निरंकुशता और तानाशाही होगी तो आप अपनी विचारधारा वाले को कैसे चुनेंगे? जहां भी बीजेपी का कोई बड़ा नेता चुनाव लड़ रहा है, वहां विपक्षी दल के नेताओं को नामांकन दाखिल करने से रोका जा रहा है। मैंने हैदराबाद में देखा कि बीजेपी की एक महिला उम्मीदवार बुर्का उतारकर महिलाओं की पहचान की जांच कर रही थीं। क्या इसी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जाते हैं?

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम आपसे की गई सभी गारंटी पूरी करेंगे। 5 किलो राशन पर बात हुई है। खाद्य सुरक्षा कानून हम लाये। मैं वादा करता हूं कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार सत्ता में आएगी तो हम 10 किलो राशन देंगे। हमने कर्नाटक, तेलंगाना में गारंटी लागू की है और जब हम सत्ता में आएंगे तो ऐसा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ, गरीबों के पक्ष में लड़ने वाली पार्टियां हैं। दूसरी तरफ, अमीरों के पक्ष में खड़े होने वाले लोग हैं। हमारी लड़ाई गरीबों की ओर से है, जिन्हें खाना नहीं मिलता और नौकरी नहीं मिलती। हमारा गठबंधन देश में फैली बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ यह लड़ाई लड़ रहा है।

# कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा दाखिल हो गई है, अमेठी में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमेठी/सीतापुर/बहराइच (उत्तर प्रदेश)। लोकसभा चुनाव को राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच मुकाबला बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में 'जजिया कर' की तरह विरासत कर लगाने की बात कर रही है। मुख्यमंत्री ने अमेठी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार स्मृति ईरानी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राम और राष्ट्र एक दूसरे के पर्याय हैं और जो लोग राम का विरोध कर रहे हैं वो राष्ट्र का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध केवल दो ही लोग कर रहे हैं, एक पाकिस्तान और दूसरा रामद्रोही।

आदित्यनाथ ने आरोप लगाया, कांग्रेस अपने घोषणापत्र में विरासत कर लगाने की बात कह रही है। ये एक तरह का जजिया कर है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा आ गई है। उन्होंने कहा कि पहली बार अमेठी वासियों ने किसी दल का पिछलग्गू बनने की जगह भारत के विकास का सारथी बनने का निर्णय लिया। आदित्यनाथ के मुताबिक, स्मृति ईरानी ने भी पांच साल में जितना दौरा अमेठी का किया, कांग्रेस की चार पीढ़ियां नहीं कर सकीं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, जिन्हें पाकिस्तान से प्रेम है वो वहां जा सकते हैं। आज पाकिस्तान में जनता भूखी मर रही है, जबकि भारत में उससे अधिक आबादी को प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है।

कांग्रेस ये कार्य क्यों नहीं कर सकी? उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपनी दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के गरीबी हटाओ के नारे को रटने का काम कर रहे हैं। आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री तथा मोहनलालगंज से सांसद व भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में सीतापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, सपा, कांग्रेस सहित विपक्षियों के 'इंडी' ('इंडिया') गठबंधन और पाकिस्तान का डीएनए मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा, सपा-कांग्रेस के समय गरीब भूखे मरते थे। पाकिस्तान में भी लोग भूखें मर रहे हैं और यहां 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है।मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, 卐संप्रग सरकार के समय उपचार की व्यवस्था नहीं थी। यह लोग आस्था के साथ खिलवाड़ करते थे।卐 आदित्यनाथ ने बहराइच के पयागपुर के कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, 'इंडी' ('इंडिया') गठबंधन में शामिल लोग पाकिस्तान और आतंकवाद की पैरवी करते हैं। यह प्रभु राम पर नहीं बल्कि हम सब लोगों के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते हैं क्योंकि हम सभी जागने से लेकर सोने तक प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हैं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के पक्ष में वोट की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मंशा अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण संप्रग सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों- गरीब, किसान, युवा और महिला-की बात की है जिनमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है।

आदित्यनाथ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश सुरक्षित हुआ है। आज कहीं अगर जोर से पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। उसे पता है कि कोई चूक हो गई तो लेने के देने पड़ जाएंगे। उन्होंने कहा, देश में हुए मूलभूत ढांचे के विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई मुकाबला नहीं है। विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित

# कोरोना के नए वेरिएंट ने बढ़ाई टेंशन, महाराष्ट्र में 91 मामले आए सामने

कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है. दुनिया के कई देशों में कोरोना के ओमिक्रॉन सबवेरिएंट KP.2 के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं. देश की बात करें तो महाराष्ट्र में भी सबवेरिएंट KP.2 के चले कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र में ओमिक्रॉन के सबवेरिएंट KP.2 के 91 मामलों की पहचान हुई है।

कोविड का कोविंड 2 सबवेरिएंट महाराष्ट्र में KP.1 वैरिएंट से आगे निकल गया है. कई देशों में इसके चलते कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक KP.2 सबवेरिएंट के पुणे में 51 मामले और ठाणे में 20 मामले दर्ज किए गए हैं.KP.2 सबवेरिएंट की पहली बार जनवरी में विश्व स्तर पर पहचान हुई थी. वर्तमान में कोविंड 2अमेरिका में प्रमुख वेरिएंट है. महाराष्ट्र में भीकोविंड 2 के मामलों की पहचान पहली बार जनवरी में हुई थी.

**मार्च और अप्रैल में तेजी से बढ़े मामले**

मार्च और अप्रैल तक कोरोना का यह वेरिएंट महाराष्ट्र में कोरोना के मामलों में तेजी से उछाल ला चुका है. राहत की बात यह है कि कोरोना के इस वेरिएंट के गंभीर मामले में अभी तक सामने नहीं आए हैं. हल्के लक्षण के साथ लोगों को अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ रहा है. एक्सपर्ट्स की मानें तो इस गर्मी में इस वेरिएंट के चलते कोविड मामलों में थोड़ी वृद्धि होगी.

अमेरिका में 28त्न कोविड के मामले कोविंड 2 वेरिएंट के हैं, जो अप्रैल के मध्य में केवल 6त्न था. जिससे स्पष्ट है कि यह कोरोना के नए मामलों में सबसे बड़ी हिस्सेदारी के लिए जिम्मेदार है. इसने संस्करण को पीछे छोड़ दिया, जो सर्दियों में कोरोना मामलों के लिए जिम्मेदार था. बता दें कि 2020 के बाद से अमेरिका में हर गर्मियों में कोविड के मामले बढ़े हैं. अगर कोविंड 2 का प्रसार जारी रहा, तो यह पैटर्न दोहरा सकता है.

## खाकीधारी रक्षक से बन रहे भक्षक

### सिपाही और उसके भाई की छेड़खानी से तंग आकर युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, गंभीर

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दक्षिण जोन के बाबूपुरवा थानाक्षेत्र से शुक्रवार देर शाम एक घटना सामने आई है, जहां सिपाही और उसके भाई की छेड़खानी से तंग आकर बगाही निवासी युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे, जहां युवती का हालत गंभीर बताई जा रही है।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर युवती और सिपाही के बीच मकान का विवाद बताया। फिलहाल तहरीर के आधार पर सिपाही समेत उसके भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं घटना के बाद सिपाही और उसके भाई घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बगाही नयापुरवा निवासी 20 वर्षीय युवती अपने पिता के साथ रहती है। तीन वर्ष पूर्व मां का निधन हो चुका है। युवती की बड़ी बहन ने पुलिस से आरोप लगाया कि पड़ोसी अंकित खुद को पुलिस में बताता है, और जालौन में सीओ का पेशकार है। उसके दो भाई अमन और काकू, छोटी बहन से पिछले चार माह से छेड़खानी कर रहे थे। घर से निकलते या कहीं आते जाते समय अभद्र टिप्पड़ी करते थे। इस बात की शिकायत करने के लिए बुधवार को जब सिपाही के घर उनके पिता उदयभान के पास गई तो तीनों भाइयों और पिता ने मिलकर दोनों बहनों को जमकर पीटा। आरोप लगाया कि सिपाही ने कहा कि वह जालौन सीओ का पेशकार है, उसका कोई कुछ नहीं कर पाएगा। बाबूपुरवा थाने में सुनवाई न होने पर गुरुवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंच कर गुहार लगाई।

# वूमेन एंपावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया स्थापना दिवस

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी संस्था ने द्वितीय स्थापना दिवस मनाया आपको बता दें कि कार्यक्रम की शुरुआत शशांक शुक्ला जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे समिति तथा गुलाम नबी एडीसी, सिविल डिफेंस ने दीप प्रज्ज्वलित कर सिद्धी द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत कर की गई। संस्था की संस्थापक डॉ. प्रतिभा मिश्रा तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा संस्था की टी–शर्ट तथा कपड़े के थैलों का उद्घाटन किया गया। संस्था पिछले दो वर्षों से लगातार पर्यावरण संरक्षण, सफाई, जागरूकता अभियान आदि में अपनी सक्रीय भूमिका निभाती आ रही है। संस्था की अध्यक्ष डॉ अंशु ने संस्था की वेबसाइट का उद्घाटन किया गया। संस्था की सचिव सपना सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में संस्था 19 मई से मिशन क्लीन कानपुर के अंतर्गत शहर में स्थित कुछ सब्जी मंडियों में सफाई अभियान चलायेगी तथा सब्जी बेचने वालों को कपड़े के थैले वितरित करेगी जिससे पॉलिथीन के प्रयोग को रोका जा सके वही मंच का संचालन डॉ अर्चना अग्निहोत्री ने किया। रूचि द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

वही इस कार्यक्रम में किरन, विभा, विनीता, सुमन, ममता, रानू, डॉ अपेक्षा, खुशबू, आरती, मेघना, डॉ मनीषा, खुशबू, सपना सिंह आदि संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## कानपुर लेडिज क्लब की स्नैक्स प्रतियोगिता संपन्न



कानपुर। अंतर्राष्ट्रीय मदर्स डे की उपलक्ष में कानपुर लेडिज क्लब द्वारा स्वरूप नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कोषाध्यक्ष सुनीता वार्ष्णेय ने बताया कि जिसमें मुख्यत-बच्चों के लिए स्वास्थ्य वर्धक व स्वादिष्ट स्नैक्स की प्रतियोगिता रखी गई है जहां दस प्रतिभागियों ने अपनी कला का सर्वोतकृष्ट प्रदर्शन किया आपको बता दे कि शहर के प्रमुख शेफ देवेश तिवारी व शेफ कृष्ण मुरारी जायसवाल ने व्यंजनों को चखकर अपना निर्णय दिया वही पहले विजेता अनुजा गर्ग, दूसरी विजेता सरिता अग्रवाल, तीसरी विजेता रोली गर्ग, रितु अग्रवाल, राधा खेतान रही सभी को पुरस्कृत किया गया वहीं उन्होंने बताया कि 13 में को चुनाव पर मनोरंजन हाऊजी व गेम्स भी आयोजित किए गए थे वही इस अवसर पर हीना, रूपल, रश्मि टंडन, इंद्रा गर्ग, ममता खेमका आदि लोग मौजूद रही।

## बीजेपी प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा के लिए अनूप सिंह ने मांगे वोट



कानपुर देहात। जालौन गरौठा लोकसभा सीट पर 20 को वोटिंग होनी है। देहात की भोगनीपुर विधानसभा सीट पर मतदाता चुनावी रंग में रंगे हैं। चुनाव प्रचार रोचक दौर में पहुंच गया है। प्रत्याशियों के समर्थक अपने प्रत्याशी का गणित बना रहे हैं। लोक सभा जालौन गरौठा भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा मोदी-योगी द्वारा कराए कार्यों को लेकर गांव-गांव जाकर घर-घर दस्तक दे रहे हैं। इस दौरान वह बुजुर्गों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। मलासा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनूप सिंह जादौन ने कल शाम मलासा गांव पहुंचकर गांव के ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा के लिए वोट मांगा मलासा के योगेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र सिंह प्रबल प्रताप सिंह( कोटेदार )बल्लू, राजन सिंह , चंदमोहन, मुन्नी, जितेंद् उर्फ गुड्डू जमादार सिंह ,बुजुर्गों के पैर छुए और आशीर्वाद मांगा। गांव के ग्रामीण ने कुछ लोगों ने समस्याएं भी बताईं।

## मानकों के विपरीत बन रहे बेसमेंट से टला हादसा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। केडीए के जोन 1 अंतर्गत कलेक्टरगंज में कानपुर की प्रसिद्ध सिनेमा टॉकीज मंजुश्री टूट कर दोबारा से बन रही है। जिनमे अंदर ही अंदर खुदाई करवाई जा रही है । बिना किसी सुरक्षा उपायों के करवाई जा रही खुदाई के चलते शनिवार को एक कच्ची दीवार भरभरा कर मजदूरों के ऊपर गिर गयी। जिसकी चपेट में आये तीन मजदूर घायल हो गए ।वहां मौजूद ठेकेदार ने आनन फानन में तीनों मजदूर को मौके से पैसे दे कर भगा दिया। साथी मजदूरों से प्राप्त सूचना के आधार पर एक मजदूर को मामूली चोट आई थी लेकिन दो मजदूर घायल अवस्था मे हैलट अस्पताल इलाज के लिए गए है। फिलहाल मौके पर कोई कुछ बोलने को तैयार नही है । अंदर काम कराया जा रहा है ।केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। मैप पास है और अन्य जांच की जा रही है।

# छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

### डा. वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज के ब्लॉक किदवई नगर हुआ आयोजन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। डा. वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज के ब्लॉक किदवई नगर में बीएड विभाग में छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत सचिव गौरवेन्द्र स्वरूप तथा प्राचार्या डा. पूनम मदान रही। इस विदाई समारोह का उद्देश्य छात्राओं में अपनी वरिष्ठ सहयोगी छात्राओं के प्रति सम्मान व आदर का भाव दर्शाना एवं उनसे उनके अनुभवों से मार्गदर्शन प्राप्त करना था। सर्वप्रथम प्राचार्या जी द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

तत्पश्चात प्राचार्या जी ने सभी छात्राओं को अपने आशीर्वचनों से सिंचित किया तथा भविष्य में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने छात्राओं को कहा कि एक कुशल शिक्षिका बनकर समाज का उत्थान करने में पूर्ण सहयोग दें तथा अपने इंस्टीट्यूट का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का आयोजन बी.एड की छात्राध्यापिकाओं ने किया तथा संचालन अर्सी जावेद व अनुष्का आनंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं का स्वागत पुष्प वर्षा तथा टीका लगाकर किया। इसके बाद बी.एड. सीनियर छात्राओं में श्रुति, हीरा, अपेक्षा, कृतिका ने नृत्य व संगीत प्रस्तुत किया। जूनियर छात्राओं में यशी, श्वेता, सिफत, आरती व निदा आदि छात्राओं ने अपने सीनियर के लिए संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कार्यक्रम में मिस फेयरवेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में बी.एड की सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए। समापन के दौरान उन्हें उपहार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक, प्रशिक्षिकाएं डा. अनीता शर्मा, डा. अरुणा बाजपेयी, डा. आशा अवस्थी, डा. सीमा मिश्रा, प्रो. आशीष कुमार, प्रो. सरला मन्ध्यान, प्रो अनिरूद्ध यादव, प्रो शिप्रा मिश्रा, डा. ज्योति सेंगर, प्रो. प्रेरणा अरोडा, निधि अवश्थी, प्रो. नेहा शुक्ला, प्रो. अंकिता त्रिपाठी, प्रो. ऊषा मिश्रा, प्रो. नाजिश खान, प्रो. मोनिका निरकारी, प्रो. पूर्णिमा द्विवेदी, प्रो. कनीज, प्रो कमलेश शर्मा, शाह अंराब, धीरज आदि लोग मौजूद रहे।



# खेल से सीखकर बच्चे बनते हैं प्रतिभाशाली

### प्राथमिक विद्यालय उसरी विकासखंड रसूलाबाद में ग्रीष्म अवकाश प्रारंभ होने से पूर्व हुआ आयोजन







**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात। प्राथमिक विद्यालय उसरी विकासखंड रसूलाबाद में ग्रीष्म अवकाश प्रारंभ होने के पूर्व दो दिवस में विद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षिक गतिविधियों एवं क्रियाकलापों के माध्यम से बच्चों को खेल–खेल में मस्ती के साथ ज्ञानवर्धन किया गया। बच्चों ने रोचक गतिविधियों में पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। अंतिम दो दिवसों की गतिविधियों का समस्त अध्यापकों तथा बच्चों ने बहुत ही उल्लास के साथ आनंद लिया बच्चों का मन भी प्रसन्न रहा व विद्यालय में प्रतिदिन आने के लिए आकर्षण भी बढ़ा।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पारूल निरंजन के द्वारा सभी बच्चों को बहुत ही रोचक गतिविधियां कराई गयी तथा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को प्रिंटेड गृह कार्य की प्रतियाँ उपलब्ध कराई गयी। जिन्हे सभी कक्षा अध्यापकों ने अपनी–अपनी कक्षा के बच्चों को प्रदान करते हुए आशा की कि ग्रीष्म अवकाश के उपरांत सभी बच्चे अपना अपना गृह कार्य पूर्ण कर लाएंगे। जिसका अवकाश समाप्ति के बाद निरीक्षण किया जाएगा शिक्षिका प्राची तिवारी व लवी ने बच्चों को विभिन्न खेल खिलाएं। शिक्षिका रीना ने बच्चों को विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम करवाये। शिक्षिका अरुणा शर्मा ने बच्चों को क्राफ्ट वर्क कराया ।गीता देवी एवं पिंटू सिंह के द्वारा विभिन्न रोचक गीत कहानी बच्चों को सिखाये गए।

## समस्याओं से जूझ रहे लोगों ने बिल्डर के खिलाफ खोला मोर्चा भीषण गर्मी में बिना बिजली के बिलबिलाए स्थानीय निवासी




# एनआरआई सिटी में समस्याएं ही समस्याएं

### पार्किंग के नाम पर करोड़ों रुपए लेने के बाद भी नहीं दी पार्किंग

एनआरआई सिटी के बिल्डरों ने फ्लैट धारकों से पार्किंग के नाम पर करोड़ों रुपए लिए हैं, फिर भी यहां के निवासियों को पार्किंग नहीं दी गई है। इसको लेकर भी स्थानीय निवासियों में आक्रोश है। बिल्डर द्वारा फैलाई गई अव्यवस्था के खिलाफ रविवार को एनआरआई हाइट्स निवासियों ने मोर्चा खोल दिया, लोगों का कहना था कि हमारी सुविधाओं को तुरंत दुरस्त कराया जाए, नहीं तो बिल्डर के प्रोजेक्ट स्काई बंगलो का काम नहीं होने दिया जाएगा।

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। रविवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित मैनावती मार्ग पर एनआरआई सिटी के वाशिंदों ने प्रदर्शन किया। हमेशा विवादों में रहने वाली रियल स्टेट कंपनी के मालिकों के खिलाफ स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। भीषण गर्मी में बिजली की समस्या से जूझ रहे एनआरआई सिटी निवासी लामबंद होकर घरों से निकल आए, गुस्साए लोगों ने बिल्डर द्वारा तानी जा रही बहुमंजिला इमारत स्काई बंगलों का काम रुकवा दिया। मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर बिल्डर से यहां की अव्यवस्थाओं को तुरंत दूर करने के लिए कहा। NRI सिटी निवासियों का कहना है कि एनआरआई सिटी के बिल्डरों ने फ्लैट धारकों से पूरा पैसा लेने के बाद भी पूरी सुविधाएं नहीं दी हैं। हंड्रेट परसेंट पॉवर बैकप का वादा करने के बाद भी कई सालों से बिल्डर द्वारा एनआरआई हाइट्स में लोड की क्षमता के अनुरूप जेनसेट की व्यवस्था नहीं की। जिससे आये दिन लाइट की समस्या उत्पन्न होती है। शनिवार को ट्रांसफॉर्मर खराब होने के बाद उपलब्ध जनरेटर लोड नहीं ले पाए, जिससे रात भर बिजली की समस्या से लोग जूझते रहे। सुबह होते ही बिल्डर के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।





# दीवास क्लब कानपुर का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

### 2024-25 के लिए दिवा पारुल आनंद को अध्यक्ष और दिवा चारु काशीवार को सचिव घोषित किया गया

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दीवास क्लब कानपुर के 9वे अधिष्ठापन समारोह का आयोजन पांडू नगर के एक होटल में आयोजित किया गया। वही वर्ष 2024-25 के लिए दिवा पारुल आनंद को अध्यक्ष और दिवा चारु काशीवार को सचिव घोषित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की चेयरपर्सन दीवा विनती सेठ,पूर्व अध्यक्ष दीवा वर्षा महेश्वरी और पूर्व सचिव मीनल महेश्वरी ने सभी को शपथ दिलाई। इस मौके पर नवघोषित अध्यक्ष दीवा पारुल आनंद और सचिव दीवा चारु काशीवार ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करी। संचालन दीवा शालिनी लांबा ने किया। क्लब में बैज पहनाकर नई कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। अध्यक्ष पारुल और सचिव चारु ने बताया की दीवा मीनल महेश्वरी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्ष दीवा पारुल आनंद ने बताया की डीवास कानपुर में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभियान चलाएगी। पारुल ने कहा की डीवास पिछले 9 सालों में कानपुर में महिलाओं का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। सचिव दीवा चारु काशीवार ने बताया की वर्ष भर के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम तय किए जा चुके हैं जो कानपुर में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। चारु ने बताया की 14 लोगों की कार्यकारिणी आज घोषित हुई। वही सभी को कानपुर में महिला हित में कार्य करने और गोपनीयता की शपथ दिलायी। वही इस अवसर पर दीवा विनती सेठ,पारुल आनंद,चारु काशीवार,मीनल महेश्वरी, शालिनी लांबा,अंशु जैन,शिल्पी मेहरोत्रा,अजीता विश्नोई,हेमा गुप्ता,श्वेता महेश्वरी,प्रतिष्ठा शुक्ला,नविता वासन,सपना सूद,प्रीति अग्रवाल,निशा प्रीत आदि मौजूद रही।

# वोट एंड वाइब कार्यक्रम आयोजित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। डिवाइन एंजल ग्रुप के तत्वाधान में गैंजेस क्लब आर्य नगर में वोट एंड वाइब कार्यक्रम आयोजित गया। जहां सभी मेंबर्स नेता के रूप में नजर आए। सभी ने कुर्ता पजामा और नेहरू कोटी व टोपी लगाकर बड़े शाही अंदाज में आए बड़ा ही सुंदर नजारा था।एक से एक दिग्गज नेता के रूप में सभी ने अपने अंदाज में भाषण दिया किसी नेता ने कहा कि मैं अगर विधायक बन जाऊं तो अनाज पानी राशन सस्ता करवा दूंगा किसी नेता ने कहा कि मैं स्कूलों की फीस कम करवा दूंगा। सब अपने-अपने अंदाज में भाषण दे रहे थे कई नेताओं ने हंसी टिटौली में सभी को मोबाइल करके इंतजार कराया मैं अभी दस मिनट में गेंजेस क्लब पहुंच रहा हूं व इसी थीम से मिलते जुलते कई गेम भी कराए गए वही क्लब की निर्देशिका रजनी चौधरी व दीप्ति गुप्ता ने सभी मेंबरों को नेहरू टोपी पहनाई संचालन रश्मि गुप्ता व सृष्टि गुप्ता ने बड़े ही अनोखे अंदाज में किया गया वही इस कार्यक्रम में बसंती गुप्ता,उषा,नीता,दीप्ति गुप्ता,बसंती गुप्ता, साक्षी गुप्ता,स्वीटी गुप्ता,शशि गुप्ता,अर्चना गुप्ता,अर्शी गुप्ता, सरिता राय,डॉ अमित तिलक, रश्मि गुप्ता आदि मौजूद रही।




# पृथ्वी बनाम प्लास्टिक थीम पर किया जागरूक

कानपुर। वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी ने अपने पृथ्वी बनाम प्लास्टिक थीम के अंतर्गत मिशन क्लीन कानपुर अभियान कल्याणपुर सब्जी मंडी से शुरू किया,जिसका मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुर्पयोग के बारे में जागरूक करना और इस्तेमाल बंद करवाना है। संस्था के सभी सदस्यों ने कानपुर नगर निगम की टीम तथा सिविल डिफेंस टीम के सहयोग से मंडी की सफाई की,फल और सब्जी बेचने वालों को कपड़े के थैले वितरित किए गये और उनको पालीथिन का इस्तेमाल बंद करने को समझाया गया।साथ ही लोगों को जागरूक किया कि पालीथीन का प्रयोग न करे। संस्था सभी फल और सब्जी बेचने वालों को मुफ्त में थैले देगी जिससे वो पालीथिन का उपयोग बंद कर सकें। संस्था की संस्थापक डॉ प्रतिभा मिश्रा,सपना,डॉ अंशु, विनीता,आरती,रानू,विभा, ममता,खुशबू,मेघना,पिंकी,शालिनी ने सभी सदस्यों के साथ नगर निगम के इंस्पेक्टर चेतन कुमार सिंह तथा उनकी टीम,सिविल डिफेंस से राजेन्द्र त्रिवेदी और जीतेंद्र ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# पुलिस महकमे का हेड कांस्टेबल निकला नर्स का क़ातिल



## नर्स को अपहरण कर हत्या किए जाने की घटना का थाना बर्रा पुलिस व सर्विलांस टीम ने किया अनावरण घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद गमछा, बोलेरो कार के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार गला घोंटकर जान ली.. लाश कुए में फेंक दी थी ? ७परिवार ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया....

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर व अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) कमिश्नरेट कानपुर नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर दक्षिण के निर्देशन में व एसीपी नौबस्ता के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बर्रा के नेतृव में बर्रा पुलिस एवं सर्विलांस सेल टीम दक्षिण जोन द्वारा मु0अ0सं0 223/2024 धारा 366 भादवि का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्तगण । मनोज कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी 90 एलआईजी तात्याटोपे नगर ओ ब्लाक गुजैनी थाना गुजैनी कानपुर नगर मूल पता मोहल्ला गांधीनगर जैथरा अलीगंज जनपद राहुल कुमार पुत्र स्वा) राजकुमार निवासी ग्राम राम सिंह का पुरवा पोस्ट भीमसेन थाना सचेण्डी कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 366 भादवि का लोप कर धारा 364/302/201 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है एवम् अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है। नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

मनोज कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी 90 एलआईजी तात्याटोपे नगर ओ ब्लाक गुजैनी थाना गुजैनी कानपुर नगर मूल पता मोहल्ला गांधीनगर जैथरा अलीगंज जनपद एटा उम्र 50 वर्ष 2. राहुल कुमार पुत्र स्वा) राजकुमार निवासी ग्राम राम सिंह का पुरवा पोस्ट भीमसेन थाना सचेण्डी कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी 90 एलआईजी तात्याटोपे नगर ओ ब्लाक गुजैनी थाना गुजैनी कानपुर नगर मूल पता मोहल्ला गांधीनगर जैथरा अलीगंज जनपद एटा उम्र 50 वर्ष जो कि उ0प्र0 पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद तैनात है। दो तीन वर्ष पहले थाना बर्रा तैनाती के दौरान अभियुक्त मनोज कुमार की शालिनी तिवारी से जान पहचान हो गई तथा धीर धरि दोनो में नजदीकियां बढ़ गई तो मृतिका शालिनी तिवारी अभियुक्त मनोज कुमार पर शादी करने के लिए दबाव बनाने लगी थी चूंकि अभि0 मनोज कुमार पहले से शादीशुदा था इसलिए वह शादी करने से मना कर रहा था किन्तु शालिनी बार बार शादी करने का दबाव बनाती थी इसी कारण शालिनी से छुटकारा पाने के लिए अभियुक्त ने उसका अपहरण उसकी हत्या कर दी और अपने साथी राहुल कुमार पुत्र स्वा) राजकुमार निवासी ग्राम राम सिंह का पुरवा पोस्ट भीमसेन थाना सचेण्डी कानपुर नगर की मदद से साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से मृतिका के शव को अपने पैतृत गांव जैथरा जनपद एटा ले जाकर एक सूखे कुए फेंक दिया था तथा अपने साथी राहुल के साथ रात्रि में ही वापस कानपुर आ गया था तथा मृतिका शालिनी तिवारी का मोबाइल मय सिम अपने साथी राहुल कुमार को देकर अयोध्या भेजा था और कहा था कि अयोध्या में मोबाइल आन कर मोबाइल को तोड़कर किसी नाले में फेंक देना जिससे पुलिस को गुमराह किया जा सके और पुलिस शालिनी को अयोध्या में खोजती रहे। थाना बर्रा पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा कड़ी मेहनत से अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया।



# अखिलेश यादव ने अपर्णा जैन बंसल को वैश्य, व्यापारी समाज की दी जिम्मेदारी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिन अपर्णा जैन बंसल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या की पावन धरती पर अपर्णा जैन की अखिलेश यादव से भेंट हुई मुलाकात पक्ष वैश्य व्यापारी समाज की जिम्मेदारी अपर्णा जैन बंसल ने कहा कि अखिलेश यादव ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है पूर्णता जिम्मेदारी निभाकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए पूरी मेहनत श्रद्धा के साथ वैश्य व्यापारी समाज के लोगों को एकत्रित कर बैठक एवं जनसभा लगाकर भाजपा के किए गए झूठे वादों को जनता के बीच लाकर उजागर करने का काम करूंगी!

# भीषण गर्मी ने 29 सालों का रिकार्ड तोड़ा पारा 46.9, हीटवेव का रेड अलर्ट

कानपुर। शनिवार को देश का सबसे गर्म शहर कानपुर रहा।यहां अधिकतम तापमान 46.9 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। देश के सबसे गर्म शहरों में यूपी के 3 शामिल रहे। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया, यूपी में इस सीजन में पहली बार गर्मी और हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसका मतलब तापमान सारे रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जानलेवा गर्मी पड़ेगी। पारा 47 के आकड़े को पार करेगा।जान-माल के नुकसान का सबसे ज्यादा डर रहता है। यह मौसम के सबसे खराब स्तर को दिखाता है। प्रशासन को भी सावधान रहने के लिए एडवाइजरी जारी की जाती है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी करते हुए कहा है कि जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले। बच्चे और बुजुर्ग दोपहर में घर से निकलने से बचें। डॉ. पांडेय ने बताया, कानपुर में गर्मी ने 29 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 18 मई 1995 को अधिकतम तापमान 45.2 सेल्रिसियस कॉर्ड किया गया था। तब से अब 18 मई को 46.9 सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। उन्होंने कहा मई महीने में अभी ऐसा ही मौसम रहेगा। भीषण गर्मी और उमस लोगों को परेशान करती रहेगी। अब रातें भी गर्म होने लगी हैं।ज्योतिषियों ज्ञान का भौगोलिक आधार पर शास्त्रों में विशेष वर्णन किया गया है ग्रहों की गणना के मुताबिक 25 मई से 2 जून तक इस बार नवतपा रहेगा। नौतपा को लेकर शास्त्रों में उल्लेख है, कि इस नवतपा के 9 दिन को बरसात का गर्भ काल कहा गया है इस 9 दिन के बीच में अगर अच्छी गर्मी पड़ेगी, हवा ना चले, कहीं बारिश या किसी भी तरह की बूंदाबांदी ना हो तो गर्भ खंडित नहीं होता है नवतपा के 9 दिन तक अगर सूर्य तपता है, तो शास्त्रों में ऐसा उल्लेख है कि वर्षा का योग बनता है। रोहिणी नक्षत्र में गरम आधियां ज्यादा प्रभाव दिखाती है इसलिए नौतपा गर्मी का पर्याय बन जाता है। रोहिणी के दौरान अगर बारिश होती है, तो इसे आम भाषा में रोहिणी का गलना कहा जाता है। यदि रोहिणी नक्षत्र में बारिश हो जाती है तो आने वाले बारिश के मौसम में वर्षा बहुत कम होती है।

# बहनों को निः शुल्क मेकअप टिप्स दिए गए

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पनकी स्थित लोट्स एकेडमी की दूसरी शाखा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जुगल कुमार मीता ने फीता काटकर किया। ऑनर मनीष ने बताया कि किसी भी तरह की पार्टी हो या समारोह हर कोई उसमें सुंदर दिखना चाहता है। जहां पहले केवल महिलाएं ही अपना श्रृंगार और मेकअप करती थी वहीं अब पुरुष भी अपने खूबसूरती को बढ़ाने के लिए मेकअप करवाते हैं। ऐसे में मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड काफी बढ़ती जा रही है। आज भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोग मेकअप आर्टिस्ट के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। एक प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए हमारी एकेडमी से कोर्स कर सकते हैं जहां एकेडमी में प्रोफेशनली ट्रेनर के द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी वही हमारी एकेडमी में उचित मूल्य पर मेकअप किया जाएगा । डॉ शाश्वत ने बताया कि आई हुई बहनों को निःशुल्क मेकअप टिप्स दिए गए आपको बता दें कि सुंदर दिखना सबकी चाहत है हर कोई चाहता है कि स्मार्ट दिखें। ऐसे में लोग अपने चेहरे और बालों को खूबसूरत दिखाने के लिए खूब पैसा खर्च करने को तैयार है। इसकी वजह से ही ब्यूटी इंडस्ट्री भी तेजी से ग्रोथ कर रहीं हैं। छोटे शहर हो या फिर बड़े शहर हर जगह पर ब्यूटी पार्लर व एकेडमी ओपन हो रही है।



# डॉ राकेश सिंह आईजी मिशन ,सेव अवर वर्डस, अभियान जन-जन तक पहुंच रहा है









**बीपीएस न्यूज / संजीव दीक्षित**

कानपुर। आईजी डॉ राकेश सिंह की मुहिम जो छोटे से पौधे से शुरू हुई आज वट वृक्ष का रूप ले चुकी है, मिशन दाना पानी,सेव अवर वर्डस की कहानी रोचक है। आम जनमानस में पेड़ों पर टांगने के लिए मिट्टी के बर्तनों को करते हैं भेंट, बेहतरीन कानून व्यवस्था संभालने वाले अधिकारी के साथ पशु पक्षी प्रेमी के रूप में भी चर्चित है। यूपी के यह आईपीएस ऑफिसर, आईजी जन् मानस को प्रेरित करते हैं कि आप अपने घरों की छत व अगर आपके घर के पास पेड़ है, तो उस पर पक्षियों के लिए दाना पानी अवश्य रखें।

उत्तर प्रदेश के बरेली जोन के आईजी डॉक्टर राकेश सिंह विगत पांच वर्षों से चला रहे हैं। जिसका आज पूरे प्रदेश के साथ अन्य राज्यों में भी असर दिख रहा है।

आपको बताते चलें डॉ राकेश सिंह ने यह मिशन 2017 में 35वीं वाहिनी लखनऊ से प्रारंभ किया था। जो आज तक बदस्तूर जारी है। उक्त मिशन में विभिन्न समाजसेवी संगठन तथा मीडिया जगत के समाचार पत्र और चैनल भी इस सराहनीय मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

सोशल मीडिया में डॉक्टर राकेश सिंह पुलिस महानिरीक्षक बरेली की सराहनीय पहल पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री संत मिश्रा, उत्तर प्रदेश ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा, महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा तथा प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, मुहिम वेलफेयर फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विभोर द्विवेदी, महामंत्री भारत मिश्रा ने कहा सभी को यह प्रक्रिया अपने घर और प्रतिष्ठान के आसपास तो अवश्य अपनानी चाहिए। जिससे पशु पक्षियों को हम कुछ राहत दे सके, इससे हमें दुआएं अवश्य मिलेंगी।

# बड़ौदा यूपी बैंक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कैश लॉकर सुरक्षित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। बिल्हौर में बड़ौदा ग्रामीण बैंक में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। बैंक में धुआं उठते देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

उत्तरी गांव में स्थित बडौदा यूपी बैंक के अंदर रविवार सुबह बिजली के शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण आग लग गई। बैंक से आग की लपटें और धुआं उठते देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को मिली। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर बैंक मैनेजर ज्ञानेंद्र राजपूत से मोबाइल से संपर्क करते हुए बैंक में लगे ताले की चाबी गेट खोलने के लिए मांगी। बैंक मैनेजर के निर्देश पर बैंक का ताला तुड़वा दिया गया। बैंक का ताला तोड़ कर अंदर घुसी फायर ब्रिगेड ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर पहुंचे बैंक के अधिकारी मनोज कटियार, कैशियर कपिल दत्ता, चपरासी व फील्ड कर्मचारियों ने बैंक के अंदर जाकर चेक किया किया तो पाया कि कैश काउंटर में रखा कंप्यूटर, कुर्सी, कैश गिनने की मशीन, कुछ फाइल, कैश बुक, पंखे आदि सामान जल गया है। आग बुझने के बाद बैंक के कैश रूम का ताला बैंक के अधिकारियों द्वारा मौके पर खुलवाकर चेक किया गया तो उसमें रखा सभी सामान और तिजोरी सुरक्षित है। उसके अंदर आग नहीं पहुंची थी। कैश सुरक्षित देख बैंक कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। मौके पर मौजूद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

# श्री अग्रसेन सभा द्वारा हुआ जागरूक मतदाता सम्मान



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। वर्ष 1976 में संस्थापित श्री अग्रसेन सभा, कानपुर द्वारा आज जागरूकता मतदाता अभियान के तहत मतदान करने वाले सदस्यों एवं समाज के बंधुओं को प्रोत्साहन पुरुस्कार हेतु लकी ड्रा द्वारा चयनित लोगों में उपस्थिति लोगों को उपहार देकर मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल के कर कमलों द्वारा सभा के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल की अध्यक्षता में जागरूक मतदाता सम्मान प्रदान किया गया।

सर्वप्रथम महामंत्री मनोज अग्रवाल ने पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुये बताया कि संस्था द्वारा लोकतंत्र के इस उत्सव में अधिक से अधिक मतदान करवाने हेतु सभी सदस्यों के साथ समाज के अन्य सभी बंधुओं को भी सम्मान स्वरूप उपहार योजना घोषित की थी। इस योजना में कुल 962 की प्रविष्टि प्राप्त हुई, जिसमे लकी ड्रा द्वारा चयनित 51 लोगों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में अन्य प्रमुख रूप से बावन दास, राधेश्याम, रवि गोयल, लोकेश, संजय बंसल, अजय मित्तल, आशीष भारतिया, राजीव, राकेश, कमल, पुनीत, मनोज के अलावा सभा के काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन पेमेंट न होने पर पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट

कानपुर। शनिवार देर शाम साकेत नगर स्थित शुभम जेटली का पेट्रोल पंप है। शुभम ने बताया कि कर्मचारियों की बातचीत से मालूम पड़ा है ।कुछ लोग पेट्रोल भरवाने के लिए आए हुए थे। पेट्रोल भरवाने के बाद उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पेमेंट नहीं हो पा रहा है, तो ऐसे में कर्मचारियों ने जब उनसे पैसे मांगे तो उन लोगों ने पहले तो गाली गलौज की उसके बाद वह वहां से चले गए। कुछ ही देर के बाद तकरीबन एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ युवक पहुंचे और पेट्रोल पंप कर्मचारियों को पीटने लगे। कर्मचारियों ने बचाव की कोशिश की लेकिन दो कर्मचारियों को चोट आ गई। पेट्रोल पंप में मारपीट की सीसीटीवी फुटेज भी है। पेट्रोल पंप मालिक ने आरोप लगाया कि बजरंग दल के कार्यकर्ता एक दर्जन से अधिक संख्या में पहुंचे और कर्मियों के साथ मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अभी भी वह लोग पीटने के लिए धमका रहे हैं। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर से दिखाई दे रहा है की कई लोग एक साथ आए और पेट्रोल पंप पर काम करने वाले लोगों को पीटने लगे कर्मी पेट्रोल भरा रहे थे तो उनके हाथ से रबड को छीन कर पेट्रोल इधर-उधर फैलाने लगे, उत्पात करते हुए मारपीट की और उसके बाद भाग निकले।

# ईश्वर में ध्यान लगाने की सबसे उत्तम व सरल विधि- ब्रह्म यज्ञ

कानपुर। आर्य समाज सत्संग में रविवार को कानपुर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की प्रधान चंद्रकांता गेरा ने ईश्वर का ध्यान करने की सरलतम और उत्तम विधि ब्रम्ह यज्ञ अर्थात संध्या बताया है।ओम की महिमा के विषय में बताते हुए कहा कि यह ईश्वर का निज नाम है महर्षि दयानंद ने सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में बताया कि ओम में तीन अक्षर है अ,उ और म।अ का अर्थ है विराट, विश्व और अग्नि। उ का अर्थ है हिरण्यगर्भ तेजस और वायु ।म का अर्थ है ईश्वर, आदित्य प्रज्ञ। ऋषियों ने ओम का संक्षेप में अर्थ बताया सर्व रक्षक वह परमपिता परमात्मा जल, थल व नभ पर रहने वाले सभी जीवों की रक्षा करता है इसलिए उस परमात्मा का नाम सर्व रक्षक है। आर्य समाज सत्संग में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित विश्व का सबसे अनमोल ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश के आठवें सम्मुलास का पाठ करते हुए कानपुर जिला सभा की उप प्रधान डॉक्टर संतोष अरोड़ा ने सृष्टि की रचना किस प्रकार हुई ईश्वर साकार है या निराकार आदि की चर्चा की।इस अवसर पर पूजा आर्या, कविता कपूर, मीनाक्षी दुआ, शिवांगी मोंगा, वीरा चोपड़ा, बृजभूषण गुलाटी ने ईश्वर भक्ति के गीत प्रस्तुत कर लोगों को ईश्वर भक्ति के रस मे गोते लगाने को मजबूर कर दिया। आर्य समाज के प्रधान वीरेंद्र मल्होत्रा, शुभ कुमार वोहरा, प्रकाश वीर आर्य,त्रिलोकी नाथ रावल, कमल दीवान, सुरेंद्र गेरा, श्वेता सचदेव, हेमा, समीर वोहरा, निधि गेरा,सत्यकेतु आर्य,शशि मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।



बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।